तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 28 अप्रैल 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते महिला को पकड़ा

**भिलाई।** पुलिस ने कुम्हारी में अवैध गांजा बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1 किलो 120 ग्राम गांजा जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जब्त गांजा की की कीमत सात हजार रुपए बताई गई है। उप निरीक्षक डीएल साहू थाना कुम्हारी को मुखबिर से शांति बाई वार्ड 15 कुम्हारी द्वारा अवैध गांजा बेचने की अवैध गांजा बेंचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने रूप नगर वार्ड नंबर 15 सार्वजनिक शौचालय के पास आरोपिया शांति बाई पति स्व. रायलो बेसरा उम्र 65 वर्ष के कब्जे से अवैध गांजा जब्त किया। पुलिस ने शनिवार को आरोपिया को धारा 20 (ख) (ii)(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### मारपीट करने के बाद दी जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत एसीसी चौक पर स्थित विष्णु की दुकान के सामने आरोपित ने फरियादी के साथ मारपीट कर चाकू से घायल कर दिया है। पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह 11.45 पर एसीसी चौक पर सुरेश सोनी दुकान के पास बैठा हुआ था। तभी आरोपी शंभू यादव सात से आठ लोगों के साथ आया। उसने करीब 10 मिनट तक फरियादी सुरेश सोनी के साथ मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी। सुरेश के हाथ के अंगूठा चाकू के वार से कट गया। जामुल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी का कहना है कि वह बसंल कंपनी में गैस कटिंग का काम करता है।

### तापमान : बिजली भी रही घंटों बंद, लोग हलाकान

# प्रदेश में सबसे ज्यादा तपा दुर्ग, रात अचानक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रविवार को प्रदेश में ट्विनसिटी सबसे ज्यादा तपा। दुर्ग का तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। हैरत की बात यह है कि मौसम के बदलाव के बाद भी पारा सबसे ज्यादा रहा। जबकि एक दिन पहले यानी 26 अप्रैल शनिवार की रात कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। नम हवाएं भी चली। इधर रविवार रात 8:30 बजे बारिश शुरु हो गई। अचानक हुई बारिश से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। लोग जहां तहां रूककर बारिश से बचते मिले। बारिश होते ही बिजली भी चली गई। काफी देर बाद बिजली आई।



### उमसभरी गर्मी से लोग हलाकान

ट्विनसिटी में पिछले छह दिन से पारा 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है। शनिवार की रात हल्की बारिश और नम हवाओं की वजह से पारा नीचे गिरा। रविवार की अलसुबह भी आसमान पर बदली छाई रही। सूयदेव के दर्शन काफी देर बाद हुए। उसके बाद कुछ घंटे धूप-छांव का खेल चलता रहा। सुबह 10 बजे के बाद जो तेज धूप खिली वह दोपहर से शाम तक बनी रही। जिसकी वजह से पारा फिर से पहले जैसा हो गया। वातावरण उमसभरा हो गया। पूरे दिन उमसभरी बैचेनी लोगों को झेलनी पड़ी। उमस इतनी ज्यादा थी कि कूलर व एसी भी काम नहीं कर रहे थे। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें ज्यादा सूनी दिखी।

### ट्विनसिटी का पिछले दस साल का हीट वेव की स्थिति

| वर्ष | अधिकतम तापमान | दिनांक |
|---|---|---|
| 2025 | 42.4 | 27 अप्रैल |
| 2024 | 42. 8 | 20 अप्रैल |
| 2023 | 42.9 | 20 अप्रैल |
| 2022 | 43.6 | 21 अप्रैल |
| 2021 | 42.2 | 9 व 30 अप्रैल |
| 2020 | 41.8 | 22 अप्रैल |
| 2019 | 43.8 | 30 अप्रैल |
| 2018 | 41. 8 | 22 अप्रैल |
| 2017 | 43. 4 | 25 अप्रैल |
| 2016 | 44. 4 | 26 अप्रैल |
| 2015 | 41.2 | 22 अप्रैल |

**बिजली बंद-** रात बारिश होते ही बिजली बंद हो गई। सुपेला, रामनगर, पावर हाउस, वैशालीनगर, आर्य नगर, सुपेला हार्डवेयर लाइन सहित अन्य क्षेत्रों में घंटों बिजली बंद रही। मार्केट एरिया में भी अंधेरा छाया रहा। पिछले कई दिन से बिजली बंद की समस्या चल रही है।

### पश्चिमी विक्षोभ से आज बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 77 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका विदर्भ से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक निम्न दाब का द्रोणिका उत्तर प्रदेश से बंग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 28 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकती है। गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, ओला वृष्टि होने और वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है।

### पुलिस गश्त की खुली पोल

# खुले आसमान के नीचे मयखाना फुटपाथ को शराब की बोतलों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के खुर्सीपार थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। छावनी थाना से महज एक किलोमीटर और सीएसपी कार्यालय से आधा किमी की दूरी पर असामाजिक तत्वों ने सड़क किनारे फुटपाथ पर बियर की खाली बोतलों को लाइन में सजाकर रख दिया था। बीती आधी रात 2.30 बजे परशुराम चौक से खुर्सीपार जाने वाली रोड पर आईटीआई के पास यह दृश्य देखा गया। इससे पुलिस की गश्त की पोल खुल गई। सबसे अहम बात तो यह है कि आईटीआई के पास युवा हर रोज रात में खुले आसमान के नीचे शराब पीते नजर आते है। लेकिन उसके बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। उधर नवागत एसएसपी का दावा है कि जिले को नशा से मुक्त कर देंगे।

फुटपाथ पर बियर की बोतलों की तस्वीर सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। साथ ही कानून व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद सीएसपी हरीश पाटिल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि इस हरकत के पीछे बदमाशों का हाथ है। जिन्होंने जान बूझकर शराब की बोतलें इस तरह सजाई हैं। वह क्षेत्र में लड़ाई-झगड़े की स्थिती उत्पन्न करना चाहते होंगे। उन्होंने कहा कि आस-पास के सीसीटीवी को खंगालने का काम किया जा रहा है। संदिग्धों की पहचान के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएसपी का कहना था कि नियमित रूप से पेट्रोलिंग की जाती है। लेकिन कुछ समय ऐसे भी होते हैं, जब किसी कारण वश पेट्रोलिंग में कमीं आ जाती है। उसी का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने इस कृत्य को अंजाम दिया है।




**खास बातें**

- खुर्सीपार थाना क्षेत्र में आईटीआई के पास असामाजिक तत्वों ने फुटपाथ को बियर की बोतलों की एक लाइन में रखकर सजा दिया
- सीएसपी ने कहा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर करेंगे संदिग्धों पर कार्रवाई
- पुलिस के रात्रिकालीन गश्त पर उठे सवाल

**अलग खबर**

### सड़क चौराहों पर ओपन बार, खुलेआम शराब खोरी

पुलिस शहर को अपराध से मुक्त करने की तमाम योजनाएं तो बनाती है, लेकिन प्रमुख सड़कों व चौराहों के किनारे चल रहे ओपन बार को रोकने के लिए कोशिश नहीं करती है। हालात यह है कि शाम ढलते ही देशीं ीर विदेशी शराब की दुकानों के सामने शराब के शौकीन बोतल खोलकर पैग बनाने लगते है। शहर में देर-रात तक ओपन बार जैसा महौल बना रहता है। वहीं इस नशे के बाद युवा असामाजिक तत्व अपराध को अंजाम देने के लिए निकल पड़ते है।



### जाम पर चलते जाम, दुकानदार परेशान

दुकानदारों का कहना है कि शराब की दुकानों के बाहर खुले आसमान की नीचे नशेड़ी हर रोज जाम छलकाते नजर आते है। जिससे उनकी दुकानदारी भी प्रभावित होती है। शाम सात बजे से विदेशीं ीर देशी शराब की दुकानों के बाहर नशा करने वालों की भीड़ जमा हो जाती है। वह बोतल खरीदने के बाद सड़क के किनारे ठेलों पर खड़े हो जाते है। नशेड़ियों की वजह से माहौल भी खराब होता है। आए दिन विवाद की स्थिती निर्मित होती है।



# अतिरिक्त तहसीलदार के ऊपर बैठी जांच, लीपापोती की तैयारी

## कलेक्टर ने दिए थे जांच के आदेश, जांच टीम ने नहीं सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का 43 राजस्व निरीक्षक मंडल जुनवानी में दर्ज घास जमीन को निजी खाते में दर्ज करने के मामले में अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खुंटे के खिलाफ कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे। एडीएम की अगुवाई में टीम भी गठित की गई है। लेकिन पिछले फरवरी माह से चल रहे जांच में अब तक रिपोर्ट कलेक्टर को नही सौंपी हैं। बल्कि जांच टीम द्वारा गुमराह करने का भी प्रयास किया जा रहा हैं।

जानकारी अनुसार आवेदक सीताराम पिता गिरधारी सुपेला भिलाई निवासी को शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 661 के रकबा में 4000 वर्ग फिट भूमि जिसकी कीमत लगभग करोडों रूपए में है। इस जमीन को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा बिना कलेक्टर के अनुमति और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग के प्रतिवेदन के अवलोकन के बिना छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत भूमिस्वामी हक में आदेश पारित कर दिया गया। जो इनके कार्य क्षेत्र से बाहर है। सूत्रों ने बताया कि, जांच टीम द्वारा आदेश जारी दोषियों को बचाने में जूट गई है। बंदोबश्त में त्रुटि के इस मामले में अतिरिक्त तहसीलदार सहित आरआई और पटवारी भी जांच के घेरे में है। अब तक के जांच में यह साफ हो गया है कि, अतिरिक्त तहसीलदार ने कलेक्टर की अनुमति और एसडीएम के अवलोकन के बगैर घास जमीन को निजी खाते में दर्ज करने आदेश जारी कर दिया था। फरवरी से जांच जारी हैं, जो तीन माह पूरा होने जा रहा है।

### जांच टीम ने माना आदेश हुआ

जांच अधिकारी एडीएम अरविंद एक्का ने बताया कि, जांच में पता चला है कि, अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा घास जमीन को रिकार्ड में दर्ज करने प्रतिवेदन जारी किया गया था। हरिभूमि की खबर के बाद जांच शुरू हुई। एडीएम का कहना है कि, यह रिकार्ड में दर्ज नही हुआ था। जबकि घास जमीन को रिकार्ड में दर्ज करने आदेश भी जारी हो गया था। जांच टीम इस मामले में अतिरिक्त तहसीलदार पर पर्दा डालने में जूट गई हैं। जबकि इसी तरह के अन्य मामले में पहले संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर द्वारा कार्यवाही की गई थी। लेकिन इस प्रकरण में लीपापोती की तैयारी चल रही हैं।

### मांगी गई है जानकारी

अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा जारी प्रतिवेदन के मामले में एसडीएम को रिपोर्ट मांगा गया हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी।
**-अरविंद एक्का,** एडीएम दुर्ग

## खबर संक्षेप



### नरसंहार में मारे गए लोगों को मंच ने दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच ने पुराना बस स्टैंड में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए सभी दिवंगत आत्माओं को सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। मंच के सचिव तुलसी सोनी एवं असलम कुरैशी ने आतंकियों की कायराना हरकत की निंदा करते हुए हमले में शामिल आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग प्रधानमंत्री से की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत हुए लोगों को केंडल जलाकर भी श्रद्धांजलि अर्पित की । श्रद्धांजलि देने वालों में मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान, सहसचिव संजय खंडेलवाल, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, विनोद बाघ, सूर्यमणि मिश्रा, सुनील शर्मा, विजय गुप्ता, बंटी भाई, मोहन सिन्हा, जाबिर अली, अमित मिश्रा, नबी भाई, रुस्तम खान, सुभाष भाई, तिलक भाई, हरीश सोनी, जवाहर सिंह राजपूत, सलाम भाई सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




**दुर्ग।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट एसयूसीआई कम्युनिस्ट की 78वीं स्थापना दिवस पर सिकोला बस्ती में दोपहर 12बजे राज्यस्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पार्टी केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड स्वपन चटर्जी उपस्थित थे। सभा की शुरुआत में पार्टी के संस्थापक आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी, महान मार्क्सवादी दार्शनिक चिंतक कॉमरेड शिवदास घोष के छायाचित्रों में माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की गोली मारकर हत्या की कड़ी निंदा करते हुए एसयूसीआई सी के महासचिव प्रभाष घोष का व्यक्तव्य पढ़ा गया। सभा को पार्टी राज्य संगठन सचिव कॉमरेड विश्वजीत हारोड़े ने भी संबोधित किया।

### निःशुल्क प्रशिक्षण 30 अप्रैल को

**दुर्ग।** अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र औद्योगिक क्षेत्र जवाहर नगर गेट के पास धमधा नाका में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत अनुसुचित जाति वर्ग के इच्छुक युवतियों को सेल्फ एम्प्लोएड टोईलर ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि 03 माह की होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है।

## नया फरमान : रजिस्ट्री से पहले पटवारियों के नकल का माना जाता है आधार

# नामांतरण की जिम्मेदारी पंजीयक को मिलने से पटवारियों की बढ़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। राज्य शासन द्वारा भले ही नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों से छिनकर जिला पंजीयको को दे दिया गया है और इससे पक्षकारो को पटवारियों के चक्कर लगाने से छुटकारा मिल जाएगा। इस फैसले से अब रजिस्ट्री होते ही नामांतरण के बाद जांच की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। ऐसे में किसी भी तरह की खामियां मिलने पर रजिस्ट्री के लिए पटवारियों द्वारा उपलब्ध कराया गया नकल बडा मायने रखेगा। क्योंकि पटवारियों द्वारा दिए गए नकल में गडबडी मिली तो पक्षकारों को सीधे अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड सकता है।

हांलाकि जमीन से जुडे जानकारों का कहना है कि, पूर्व में रजिस्ट्री होने के बाद कैंसिल कराने पक्षकारों को कोर्ट ही जाने की प्रक्रिया थी। वही दूसरी तरफ राजस्व के अधिकारियों की यह मानना है कि, रजिस्ट्री के बाद खामिया मिलने पर जिला प्रशासन स्तर के कोर्ट से या सामाधान हो जाया करता था या नामांतरण पर रोक लग जाती थी। लेकिन अब रजिस्ट्री होने के बाद ऐसा साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है कि, सीधे नामांतरण होकर पक्षकारों के हाथ ऋण पुस्तिका पहुंच जाएगी। बहरहाल शासन के फैसले को लेकर लाभाकारी भी अधिक बताया जा रहा है। इस फैसले से यह तो तय है कि, पक्षकारों को रजिस्ट्री के बाद पटवारियों के चक्कर कांटने से छुटकारा मिल जाएगा।

## राज्य शासन के फैसले से अफसरों के बीच मची खलबली

### पटवारी के नकल के आधार पर रजिस्ट्री

रजिस्ट्री के पहले पक्षकार पटवारियों से जमीन का नकल लेते है। पक्षकारों की मांग पर जमीन ब्रिक्री के लिए पटवारी संबंध खसरा और रकबे के आधार पर चाहे अनुसार नकल दिया जाता है। इसमें पटवारी जमीन के चारों ओर अन्य जमीन मालिको की जानकारी का भी उल्लेख करते है, जिसे चौहद्दी कहा जाता है। पटवारी के इस नकल के अनुसार ही रजिस्ट्रार रजिस्ट्री करते है। आदेश में इस बात को लेकर भी संशय है कि, जमीन की ब्रिक्री के बाद बटांकन की प्रक्रिया कैसी होगी।




### भूमाफिया भी हो सकते है हावी?

शासन के इस आदेश को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि, भू माफियाओं इस फैसले के बाद सक्रिया हो जाएंगे। पहले भी ऐसा प्रयास संहिता में संशोधन करके किया गया था। परंतु सफल नही हो सके थे। इस बार रजिस्ट्री होते ही बिना जांच के उसे नामांतरण करा लिया जाएगा। इसमें घास भूमि, आदिवासी भूमि, शासकीय भूमि, पट्टेदार भूमि, जल के नीचे की भूमि, छोटे बड़े झाड़ के जंगल आदि भूमि बिकने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। इस पर कोई नियम बनाया जाना उचित होगा।

### नए आदेश में स्पष्ट उल्लेख नहीं

राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना विगत 24 अप्रैल से प्रभावी हो चुका है। इस अधिसूचना में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 24 की उप-धारा (1) के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार को दी गई है। ये अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादन करने अधिकृत होगें। इसके आलावा आदेश में अन्य किसी भी तरह का उल्लेख नही हैं। जिससे रियल स्टेट से जुडे इन्वेस्टर और अफसरों में भी गुण-दोष पर तेजी से चर्चा होने लगी हैं।

### नई प्रक्रिया से इस तरह के सवाल

शासन के इस फैसले को लेकर हरिभूमि ने राजस्व अधिकारी से जानकारी जुटाई, नाम नही छापने के शर्त पर उन्होने बताया कि, अधिसूचना में मात्र विक्रय विलेख का उल्लेख किया गया, पंजीकृत दान पत्र, हक त्याग बंटवारानामा आदि के सम्बंध में किस रीति से कार्य होगा उल्लेख नही है। दूसरा सीजी भू राजस्व संहिता की धारा 110 के विभिन्न नियमों (जैसे नियम 27) के सम्बंध में कोई उल्लेख नही है, संबंधित नियमों का परिपालन किस प्रकार होगा। वही तीसरा सवाल यदि किसी नामांतरण में कोई आपत्ति आती है तो उसका निराकरण किस रीति से होगा। चौथा रजिस्ट्री के बाद दावा आपत्ति कैसे आमंत्रित की जाएगी। इसका उल्लेख नही है, प्रकाशन किस रीति से होगा, नोटिस कैसे तामील होगी। पांचवा यदि किसी वाद भूमि के रजिस्ट्री होते ही बिना इश्तिहार के नामांतरण होता है, तो उस हितबद्ध पक्षकार के अपने पक्ष रखने के नैसर्गिक अधिकार का संरक्षण कैसे होगा। छठवा यदि शासकीय भूमि, पट्टे की भूमि, वन भूमि, नाबालिक की भूमि आदि बिना जांच तत्काल नामांतरण होता है तो किसकी जवाबदेही तय होगी, यदि नामांतरण का अधिकार पंजीयक/उपपंजीयक को दिया जा रहा तो साथ ही जवाबदेही भी तय किया जाना उचित होगा। सातवां नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका को किसके द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। आठवा राजस्व अभिलेख का संधारण किसके द्वारा होगा। नौ यदि गलत नामांतरण होता है तो क्या पुनर्विलोकन हेतु धारा 51 का अधिकार भी उप पंजीयक को प्रदाय किया जाएगा। दसवां पंजीयन विभाग का अधिकारी है, क्या उसे राजस्व अधिकारी घोषित किया गया है। ग्यारवां नामांतरण के बाद क्या उप पंजीयक डीएससी करके नामांतरण को प्रमाणित करेगा, वही बारहवां बिना जांच के नामांतरण मे नक्शा बटांकन की कार्यवाही किस रीति से होगी, नामांतरण एवं बटांकन साथ की प्रक्रिया है उसका पालन कैसे होगा।

## कलेक्टर ने एफएसटीपी यूनिट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा ग्राम पंचायत पतोरा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एफएसटीपी और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव और वाटर एड संस्था के कर्मचारियों द्वारा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की विस्तृत कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

■ मल जल से बनाया जा रहा सोना खाद

उन्होंने बताया कि इस यूनिट में 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों से मल, जल को एकत्र कर फिल्टरिंग हेतु टैंकों में संग्रहित किया जाता है। मल-जल को विभिन्न चेंबरों और टैंकों से गुजारकर कई स्तरों पर शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिसके पश्चात इससे तैयार खाद को "सोना खाद" के नाम से जाना जाता है। यह खाद खेतों में उपयोग हेतु बेहद लाभकारी है।

एफएसटीपी में उपचारित जल को भी एक अलग चैम्बर में संग्रहित कर उसे गार्डनिंग, बागवानी के लिए पुनः उपयोग किया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस नवाचार की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि आसपास के गांवों में क्लस्टर बनाकर इसी प्रकार की और यूनिट स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि हम अब गांवों को ओडीएफ बना चुके हैं, अब हमारा अगला लक्ष्य ठोस मल-जल प्रबंधन की दिशा में कार्य करना है। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भूजल एवं मृदा को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से बचाने पर विशेष बल दिया और प्लास्टिक कचरे के सुरक्षित और वैज्ञानिक निपटारे के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# पोषण पखवाड़ा में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया जा रहा जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आंगनबाड़ियों में समुदाय में पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न कार्यक्रमों और पोषण बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड 18 के आंगनबाड़ी केंद्र शक्तिनगर कुंआ चौक में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय से डॉ कल्पना और डॉ सरला उपस्थित हुए। डॉ कल्पना के द्वारा महिलाओं में होने वाली आम समस्या और उसके निदान के बारे में बताया गया। किशोरियों को मासिक धर्म के समय होने वाली तकलीफों को दूर करने के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

■ महिलाओं में होने वाली समस्याओं के निदान पर चर्चा



### बच्चों को न दें मोबाइल

अपने दैनिक भोजन में सभी को कुलथी, सिंघाड़ा, मूंग और भाजियों को शामिल करना चाहिए । डॉ सरला के द्वारा बच्चों में वर्तमान में बढ़ रहे मोटापे यानी ओबेसिटी के बारे में बताया गया। ओबेसिटी से बच्चों में आगे चलकर होने वाली परेशानियों के संबंध में जानकारी दी। बच्चों को घर का बना ही भोजन देना चाहिए और भोजन करते समय अपने बच्चों को मोबाइल का उपयोग बिलकुल भी नहीं करने देना चाहिए। छोटे बच्चों को कभी भी मोबाइल का प्रलोभन देकर भोजन नहीं कराना चाहिए। मोबाइल से निकलने वाली किरणे बच्चों के लिए हानिकारक होती है।

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में उदासीनता बरतने वाले अधिकारी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा से प्रारम्भ हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई और रिसाली के अंतर्गत मांग एवं शिकायत संबंधी प्राप्त आवेदनों की निराकरण के संबंध में जानकारी ली। समीक्षा के दौरान निगमों द्वारा आवेदनों के निराकरण की रेंडम जांच भी की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि निगमों में प्राप्त मांग संबंधी आवेदनों पर औचित्यपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दें। राशनकार्ड व पेंशन के प्रकरणों पर आवश्यक दस्तावेज के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। अतिक्रमण हटाने के पूर्व और बाद की स्थिति का निराकरण पत्रक में फोटो अपलोड जरूर करें। शासन को प्रस्तावित कार्यों में सुनिश्चित करें कि उक्त कार्य से कितनी आबादी लाभान्वित हो रही है, इसका उल्लेख होना चाहिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आवेदनों के निराकरण आवेदक के लिए संतोषप्रद होना चाहिए। उन्होंने निगम अंतर्गत आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की जांच स्वयं निगम कमिश्नर को करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निगमवार मांग एवं निराकरण के संबंध में संक्षिप्त समरी भी तैयार करने कहा। बैठक में सुशासन तिहार के जिला नोडल अधिकारी एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर बबन अभिजीत पठारे, ननि भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव सहित तीनों निगमों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

■ कलेक्टर ने की आवेदनों की समीक्षा

### निगमों में मिले आवेदन



निगमों में अतिक्रमण, आवास योजना, पेयजल की शिकायत, पोषण आहार गुणवत्ता की शिकायत, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशनकार्ड, रोजगार उपलब्ध कराने की मांग, रोड एवं बिल्डिंग निर्माण में गुणवत्ता की शिकायत, विद्युत बिल संबंधी शिकायत, रोड निर्माण, वृद्धावस्था सहायता, सड़क, भवन, पुलिया की मांग संपत्ति कर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्ट्रीट लाईट, स्वच्छता, हैंडपंपों की सुधार एवं नल कनेक्शन संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।

### आवेदनों की स्थिति

नगर निगम रिसाली में मांग एवं शिकायत संबंधी 995 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें 705 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। नगर निगम भिलाई में प्राप्त 1678 आवेदनों में से 1034 आवेदन निराकृत कर लिए गए है। इसी प्रकार नगर निगम दुर्ग में मांग व शिकायत संबंधी 2375 आवेदन में से 1019 का आवेदनों निराकरण हो चुका है।

## 30 अप्रैल तक जारी होगा रिजल्ट, फेल होने वालों को मिलेगा मौका

# उल्टी गिनती शुरू: जल्द जारी होगा 5वीं-8वीं का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन का कार्य पूर्ण करने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा रिजल्ट जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल तक प्रदेश के सभी स्कूलों से परीक्षा परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

■ बोर्ड पैटर्न पर हुई है इस बार परीक्षा

इस वर्ष शिक्षा विभाग ने पहली बार राज्य स्तरीय एक समान समय-सारणी के तहत 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं का आयोजन किया। परीक्षा में शासकीय के साथ-साथ निजी स्कूलों के छात्र भी शामिल हुए। इससे मूल्यांकन और परिणाम प्रक्रिया में एकरूपता आई है। दुर्ग जिले के 17 केंद्रों में पांचवी आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है। कापी जांचने की प्रक्रिया सप्ताहभर पहले ही हो चुकी है। बहरहाल अब रिजल्ट जारी किया जाएगा।



### इंटर ब्लॉक कराई गई कापियों की जांच

करीब 14 साल बाद 5वीं और 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा हुई है। जहा परीक्षा के बाद सभी विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अंतर विकास खंड स्तर पर कराया गया है। यानी जिस विकासखंड के स्कूल के विद्यार्थियों की कॉपी थी, उसका मूल्यांकन दूसरे विकासखंड में संचालित स्कूलों के शिक्षकों से कराया गया। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने लगातार केन्द्रों का निरीक्षण किया है।

### फेल होने वाले छात्रों को मिलेगा दुबारा मौका

जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार पांचवीं बोर्ड में शासकीय स्कूलों के 15143 तथा अशासकीय स्कूलों के 5874 विद्यार्थी, आठवीं में शासकीय स्कूलों के 17140 तथा अशासकीय स्कूलों के 5092 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। 5वीं-8वीं की कक्षाओं में मेरिट लिस्ट जारी नहीं होगा। साथ ही फेल छात्रों को दोबारा मौका दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जारी किए गए आदेश के अनुसार छात्रों को अंकसूची भी 30 अप्रैल को ही देने की संभावना है।

### ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर 29 व 30 को

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। परिवहन विभाग के केन्द्रीय पोर्टल से नागरिकों को ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। इसके जरिए आवेदक आवेदन करने के पश्चात कार्यालय में उपस्थित होने की तिथि का चयन कर सकते हैं। चयनित तिथि को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग में उपस्थित होकर बायोमैट्रिक, डिजिटल हस्ताक्षर तथा ऑनलाइन परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है। धमधा अहिवारा में 29 एवं 30 अप्रैल सुबह 10 बजे से उत्तम परिवहन सुविधा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेजों व निर्धारित शुल्क के साथ लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

# बिरेभाठा में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिनों बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह के रोकथाम एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला दुर्ग परियोजना अहिवारा के अंतर्गत ग्राम बिरेभाठा में आयोजित कार्यक्रम पोषण पखवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधी एवं महिलाओं व बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में पदस्थ श्रीमती सीता कनौजे एवं चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 से चन्द्रप्रकाश पटेल द्वारा भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर जिसकी आयु 21 वर्ष से कम तथा वधू जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो उसे बाल विवाह माना जायेगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते है। इसे विमर्श में लेकर इसके कारणों को पूर्णतः समाप्तकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है।

■ बाल विवाह के रोकथाम को लेकर किया जागरूक

**खबर संक्षेप**

## आर्थिक सहायता के लिए ग्रामीणों ने बढ़ाया हाथ

**जामगांव आर।** धमना साहू समाज एवं ग्रामीणों ने साधर्मिक सहयोग का मिशाल प्रस्तुत करते हुए असहाय परिवार के मुखिया का कम उम्र में निधन होने के पश्चात हर संभव मदद का हाथ बढ़ाया। पूर्व सरपंच अंकालु राम साहू ने बताया कि ग्राम धमना निवासी गजेंद्र कुमार साहू 38 वर्ष पिता राम साहू का आकस्मिक निधन 25 अप्रैल को हार्ड अटैक से हो गया। जिसका अंतिम संस्कार धमना मुक्तिधाम में हुआ एवं संपूर्ण कार्यक्रम 27 अप्रैल को किया गया। गजेंद्र साहू अपने पीछे 12 से 15 वर्ष उम्र के दो पुत्र एक पुत्री एवं पत्नी को छोड़कर इस संसार से चले गए। गजेंद्र कुमार की मृत्यु पश्चात उनके भूमिहीन परिवार को जीवन यापन करने के लिए परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। उनके पास रहने के लिए निवास भी नहीं है। पत्नी गिरिजाबाई साहू की आर्थिक दयनीयता को भांपते हुए स्थानीय साहू समाज धमना द्वारा एवं गांव के अन्य समाज के व्यक्तियों द्वारा अंतिम संस्कार के लिए चावल, सब्जी, राशि एवं अन्य सामग्री के रूप में लगभग 40500 का सहयोग कर नेकी का काम किया है तथा उनके अंतिम कार्यक्रम में समाज को दी जाने वाली मृत्यु भोज से छुटकारा करते हुए समाज ने स्वर्गीय गजेंद्र साहू को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

**निधन**

### आयुष गुप्ता



**भिलाई।** 74/15, नेहरू नगर ईस्ट निवासी आयुष गुप्ता, उम्र 33 वर्ष का 27 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल गुप्ता के पुत्र, सुनील गुप्ता के भतीजे और अक्षय गुप्ता के भाई थे।

### फिरन्ता राम साहू



**दुर्ग।** ग्राम पुरदा निवासी फिरन्ता राम साहू उम्र 104 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में ही किया गया। वे हेमंत, मनी, राजेश, गिरधर और गेदावरी साहू के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### डॉ. ममता चंद्राकर



**भिलाई।** रायपुर नाका दुर्ग निवासी डॉक्टर ममता चंद्राकर का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम लोहारसी में किया गया। वे डॉ. टीएल चंद्राकर की पत्नी, डॉ. अनिरुद्ध चंद्राकर और प्रिया चंद्राकर की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

**आक्रोश : पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना से लोगों में है नाराजगी**

# आंतकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की मौत के विरोध में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुम्हारी

**कुम्हारी भाजपा मंडल ने पाकिस्तान के खिलाफ जताया विरोध**



पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों की नृशंस हत्या के विरोध में कुम्हारी भाजपा मंडल द्वारा बाजार चौक में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। उपस्थित सभी लोगों ने पाकिस्तान के इस कृत्य को कायराना हरकत बताया। अवधेश शुक्ला ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों का यह दुस्साहस भारत कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। हरिदास वैष्णब ने कहा कि निर्दोषों की हत्या कर पाकिस्तान ने यह साबित कर दिया है कि इस मुल्क के साथ कभी भाईचारा और अमन चैन की बात सोचना भी बेईमानी है। मनोज वर्मा ने कहा कि पाकिस्तान के इस कायराना हरकत का जवाब भारत जरूर देगा। रामाधार शर्मा ने कहा कि धर्म पूछकर जिन्होंने निर्दोष लोगों का कत्लेआम किया है इसकी भारी कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी। पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि पहलगाम में 28 निर्दोष लोगों की हत्या कर आतंकवादियों ने यह साबित कर दिया है कि इनका कोई दीन धरम और ईमान नही है इनके आका पाकिस्तान को इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। रामकुमार सोनी ने कहा कि आज पूरी दुनियां पाकिस्तान के इस शर्मनाक हरकत पर उसके खिलाफ है वो दिन दूर नही जब विश्व के नक्शे से पाकिस्तान गायब हो जाएगा।

मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा निर्दोष भारतीय सैलानियों का कत्लेआम देश कभी बर्दाश्त नही करेगा इसका मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा। देश ही नही पूरी दुनियां के लोग पाकिस्तान की इस घिनौनी हरकत के लिए उसे गालियां दे रहे हैं पाकिस्तान की इस हरकत का भारत मुहतोड़ जवाब देगा। इमरान रिज़वी ने कहा कि पाकिस्तान के इन आतंकियों ने जिन निर्दोष देशवासियों का खून बहाया है इसका अंजाम भी भुगतने को तैयार रहे। धर्म के नाम पर निर्दोषों की हत्या कर पाकिस्तान ने यह साबित कर दिया कि वह आतंकियों का पनाहगार है हम इसका जवाब जरूर देंगे। उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रघुनाथ देशमुख और सुनीता कुर्रे ने भी अपनी बात कही। विरोध करने वालों में फिंगेश्वर साहू, नारायण सोनकर, गोविंद बघेल, उमाकांत साहू, सुमित द्विवेदी, रेशम बंजारे, डिकेश साहू ,पंकज वर्मा एवं तिलक परिहार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## आलबरस में पुतला दहनकर दी श्रद्धांजलि

**निकुम।** बीते 22 अप्रेल को जम्मू काश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आंतकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की मौत और कई घायल परिवारों के दुखद घटना के विरोध में ग्रामपंचायत आलबरस के पूर्व सैनिक व सरपंच भुवनलाल देशमुख सहित सैनिक परिवारों व ग्रामीणों द्वारा आलबरस अटल चौक में आक्रोश प्रदर्शन करते हुए आंतकवाद का पुतला दहन किया गया। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे, साथ ही घटना में मारे गये निर्दोष पर्यटक जिनकी बेरहमी से हत्या हुई है, उन्हें सामूहिक श्रद्धांजलि दिया गया। गौर हो कि इस गांव में 50 से अधिक परिवार मातृभूमि की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर राहुल देशमुख, प्रदीम नेताम, प्रीतपाल, ओमेष, गगन ठाकुर, संजय, होलकर पारकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



**अंचल की खबरें**

## अवैध टूल्लू पंप का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत सुशासन तिहार 2025 में पानी की समस्या एवं टूल्लू पंप से पानी खींचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। उक्त समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के निर्देशानुसार 26 अप्रैल को सुबह 6 बजे से राजस्व विभाग, जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध टूल्लू पंप के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर मौका स्थल निरीक्षण करते हुए वार्ड क्रं-24 जंजगिरी में 7 नग टूल्लू पंप जप्त किया एवं समझाईस दी गई कि भविष्य में इस प्रकार टूल्लू पंप का उपयोग किये जाने पर नल विच्छेद एवं एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा आगे भी अवैध टूल्लू पंप के उपयोग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## पंचायत तीसरे स्तंभ का कार्य करती है: हर्षा



**सेलूद।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुरुआत 24 अप्रैल 1993 को हुई, जब 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ। इस संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला और पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली को अपनाया गया। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत लोहरसी में भी राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, सरपंच राकेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर के साथ समस्त पंच उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की तैलचित्र पर माल्यार्पण एव पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इस अवसर पर हर्षा चंद्राकर ने कहा कि सबसे पहले आप सभी नवनिर्वाचित सरपंच एव पंचगणो को हार्दिक शुभकामनाएं बधाई, साथ ही भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ शासन की जड़ें जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया गया है। गांवों के विकास और ग्रामीण जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रणाली है। यह व्यवस्था शासन के तीसरे स्तंभ के रूप में कार्य करती है। इसी व्यवस्था की महत्ता और इसके योगदान को सम्मान देने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भारती चंद्राकर उपसरपंच, ज्योति यादव, दुर्गेश ठाकुर, किरण ठाकुर, विक्रम चंद्राकर, मेहुल चंद्राकर, गोदावरी निर्मलकर, रामेश्वरी ठाकुर, सुधीर चंद्राकर, कुसुम चंद्राकर, ममता चंद्राकर, रानी कुर्रे, रूपेंद्र साहू, सिमा विश्वकर्मा, व्यासनारायन चौहान, केसरी साहू, प्रीति चंद्राकर, सोहाद्र चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, सोमन यदु, संजय चंद्राकर, पंचायत सचिव, तोरण ठाकुर रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**उतई।** नगर पंचायत उतई अंतर्गत वार्ड 2 कॉलेज कालोनी में सीसी रोड निर्माण कार्य का आधारशिला रखी गई। नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, वार्ड पार्षद सोनू राजपूत सहित अन्य पार्षदों ने सीसी रोड भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीसी रोड निर्माण कार्य प्रकाश चौहान के घर से कॉलेज पहुंच मार्ग तक लगभग 100 मीटर तक बनेगी जिसकी लागत 2 लाख 70 हजार रुपए है। भूमिपूजन के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, पार्षद खूबिराम साहू, शिव ठाकुर, भीमसेन सिन्हा, संगीत रजक, सुनीता चंद्राकर, वार्ड निवासी ईश्वर साहू, नरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे। सीसी रोड निर्माण कार्य पहले हो चुका था जो पूरी तरह जर्जर हो चुका था जिसकी मरम्मत की मांग वार्डवासियों द्वारा आए दिन कर रहे थे।

## 44 डिग्री तापमान में 12 किमी दूर बैंक जाकर पैसा निकालना बनी मजबूरी




**निकुम।** एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाकर अपनी ढपली अपनी राग अलाप रही है, लेकिन कई किसान नेता, अधिकारियों से एटीएम शुरु करने की मांग कर चुकी है,लेकिन जिम्मेदा अधिकारियों को अपने कुर्सी से उठकर जनता की सुध लेने की फुर्सत नही है। वर्तमान में सरकार किसान सहित सभी वर्गों को सुविधा दे रही है, वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों ग्राम पंचायत निकुम को पंचायती राज पुरुस्कार से तमगा पहना गया, लेकिन एटीएम की सुविधा नही मिलने से एटीएम कार्डधारी परेशान है। लोगों को जिला सहकारी बैंक अंडा बैंक में एटीएम कार्ड जारी कर दिये जाते हैं और कार्ड का चार्ज भी लिया जाता है। एटीएम निकुम से 11 किमी दूर अंडा, अंजोरा, सोमनी, कोलिहापुरी में है, जिसके कारण पैसा निकालने कोसो दूर जाकर पसीना बहाना पड़ता है। निकुम में स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आत्मानंद स्कूल, हाटबाजार व 15 गांवों का जोन रुदा, भोथली, आलबरस, गोड़ेला, खुर्सीपार, मासभाट, आमटी, खुरसुल के प्रमुख सेटर में एटीएम सुविधा नही मिलना दुभार्ग्य है। वहीं एटीएमधारी उपभोक्ता व किसान लोकेश्वर साहू ने बताया कि ग्राहक सेवा केन्द्रों व लोक सेवा केन्द्रों में अन्य बैंक का पैसा लेन देन करने पर 10 प्रतिशत राशि अतिरिक्त देना आमजनों की मजबूरी बन गई , जमा व निकासी के नाम पर जमकर लूट हो रही है। गौर हो पिछले एक वर्ष पहले निजी एटीएम बंद हो गई। जबकि किसानों को धान की राशि निकालने , कॉलेज के बच्चों को, व्यापारियों को लेन देने करने एटीएम की जरुरत पड़ती है, लेकिन एटीएम मशीन की सुविधा नही होने से निराश होना पड़ता है। वहीं क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर से शिकायत के बावजूद में एटीएम सेवा शुरू नही होना दुर्भाग्य है, जबकि पूरा एटीएम का सिस्टम लग गया, ग्राहक आकर मायूस लौट रहे। पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने कहा कि ग्राहकों को लोक सेवा केन्द्र व क्यिोस्क जाकर दस हजार निकालने पर सौ रुपये अतिरिक्त देना लोगों की मजबूरी बन गई है। ग्रामीणों को एटीएम सविधा नही मिल रही है , 44 डिग्री तापमान में तपते हुए किसानों को पैसे निकालने अंडा जाकर पेट्रोल व पैसा खर्च कर अंडा बैंक जाना पड़ रहा है ,बीते सालभर से एटीएम शो फीस बना है, एटीएम सुविधा शुरू करे।

# युवा देश के भविष्य, डबल इंजन सरकार में देश और राज्य सुरक्षित नहीं : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन



राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश और राज्य आज सुरक्षित हाथों में नहीं है। युवा हमारे देश के भविष्य हैं लेकिन डबल इंजन सरकार ने उनको सिर्फ लंबी-लंबी बातों से उलझाने का काम किए हैं। युवाओं को सतर्कता, सूझबूझ से सेवा एवं समर्पण, सहिष्णुता से धरती माता की सेवा करते हुए सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। सैनिक ग्राम पाहंदा के वीरगति सैनिक भाइयों को नमन तथा पाटन ब्लॉक के सबसे ज्यादा युवा इसी माटी के लाल देश हित में सेवा दे रहे हैं। हमने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करते हुए सभी वर्गों को न्याय दिलाने का काम किया था। युवा, महिला, किसान, मजदूर, आदिवासी, अधिकारी, कर्मचारी सहित सभी लोगों के लिए योजनाबद्ध तरीकों से सबके हित में काम किए। वर्तमान डबल इंजन सरकार के डेढ़ साल में सभी वर्ग त्रस्त, हताश, निराश हो गए हैं। मनरेगा कार्य बंद, पेयजल संकट, गौमाता की तस्करी, खाद, बीज का संकट, ऋण के लिए चक्कर आदि है।

■ पांहदा में कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता हुई शुरू

कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता आयोजक समिति ग्राम पंचायत, ग्रामवासी, खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना किए। पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने पाहन्दा सहित सभी ग्रामों में विकास कार्यों की सौगात के लिए पूर्व मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। सड़क, पुल, पुलिया, जिम, कबड्डी मेट, मंच, सामाजिक भवनों, सीसी रोड, पानी टंकी निर्माण सहित अनेकों अधोसंरचनाओं के कार्य भूपेश बघेल सरकार की देन थी। भाजपा सरकार के डेढ़ साल में कोई भी बड़ी उपलब्धि आम जनता के हित में नहीं है। इस दौरान दुर्ग जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू, सरपंच दिनेश ठाकुर, किशोर वर्मा, योग्य बघेल, शंकर वर्मा, बालाराम यादव, दुर्गा यादव, मनोज यादव, जितेंद्र यदु, मोंटू खान, निखिल साहू, टिकेश्वर यदु, आकाश निर्मल, नवीन यादव आदि उपस्थित थे।

### सेन महाराज की जयंती मनी



**जामगांव आर।** ग्राम नवागांव बी में निवासरत समाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी रामअवतार सेन वर्तमान सहसचिव, पूर्व कोषाध्यक्ष परिक्षेत्र सेन समाज बेल्हारी ने अपने घर में संत शिरोमणि श्री सेन महाराज की तैलचित्र मे माल्यार्पण कर सेन की 725 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर रामावतार सेन, चंद्रिका सेन, रश्मि सेन, अभिषेक सेन सहित सेन समाज नवागांव बी के सदस्य उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जामगांव एम में व्याख्यान सत्संग का हुआ आयोजन**

# सकारात्मक सोच लोक परलोक संवारती है: मनीष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्र सागर, आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर आदि ठाना 15 प्लस 3 साध्वी भगवन्तों का धमतरी से प्रारंभ विहार भखारा, रानीतराई, जामगांव आर, मर्रा, सांतरा पद विहार करते हुए रविवार को सुबह जामगांव एम पहुंचे। शाम को मोतीपुर में रात्रि विश्राम करते हुए सोमवार सुबह कैवल्यधाम की आध्यात्म धरा पर रज कण से सुशोभित भाव नियोजित है। जामगांव एम में रविवार को व्याख्यान सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर एवं विनम्र सागर ने महाविदेह क्षेत्र की महिमा और वहां पहुंचने के लिए संस्कार भाव पर हृदय स्पर्शी व्याख्यान किए। जैन श्री संघ जामगांव आर, रानीतराई, मोतीपुर, अमेरी, रायपुर, जयपुर, सूरत के रायपुर जैन श्री संघों ने सत्संग लाभ लिए।



### आसक्ति से विरक्ति की ओर बढ़े

युवा जैन संत मनीष सागर ने कहा कि सकारात्मक सोच जीवन को अपडेड करती है सुख-शांति पूर्वक जीने की राह दिखाती है। अच्छी सोच लोक परलोक को संवारती है। संत श्री ने कहा कि इस जन्म की माथापच्ची में इतना ना उलझे कि परलोक वेदनाओं से भर जाए। जितना आप धर्म सत्संग में रहेंगे दुनिया की कमियां आपको समझ आने लगेगी और दुनिया से विरक्त होने का मन बढ़ता चला जाएगा। महा विदेह क्षेत्र में जाने लायक संस्कार प्राप्त करे।

### जीवन का उद्देश्य समझे

जैन संत विनम्र सागर ने कहा कि आदमी भौतिक सुख की चाह में आध्यात्म की परम सुख को दरकिनार करने की गलती दोहराता चला आ रहा है। जो भव की यात्रा को निरंतर बढ़ाते जा रहा। संत श्री ने कहा कि जीवन का उद्देश्य समझे। उद्देश्य को समझकर मंजिल को प्राप्त करने भाव यात्रा प्रारंभ करे। नश्वर संसार में तेरा मेरा का भाव त्यागे जरा सोचे आप क्या क्या लेकर आए थे और क्या क्या लेकर जाओगे जब ना लाएं थे और ना ले जाना है तो मेरा तेरा में उलझकर क्यों भटक रहे हो।

### जैन श्री संघों ने व्याख्यान लाभ लिए

व्याख्यान में सुरेश बैद, चंद्रकैलाश, ममता, प्रज्ञा, बैद, आशीष, भारती कोचर, डॉ डालचंद, अंकिता जैन, आसकरण गोलछा, विनोद राखेचा, जितेंद्र डागा, राकेश जैन, अंजू जैन, चंचल पारख, प्रिया सराफ, रंजना चोपड़ा, रेखा जैन, सम्यक जैन, सुशीला गोलछा, उमेश डागा, लता डागा, सोनल चोपड़ा, वंश चोपड़ा ने व्याख्यान लाभ लिए।

# दीदी हम आप लोगों को बचाने पहली गोली अपने सीने पर झेल लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खूबसूरत वैली को झकझोर देने वाला दहशतगर्दों के खौफ और चिंता का दर्दनाक मंजर। नरसंहार का तांडव सहमे और भयाक्रांत सैलानियों से महज चंद किलोमीटर के फासले पर था। कब आतंकी गोलियां बरसाते हुए हमें और हमारे बच्चों को भी अपना शिकार बना ले, यह सोच सोच कर सभी का कलेजा मुंह को आ रहा था। ऐसे फिक्र और वहशत के वक्त में अंजान होटल के अजनबी कर्मियों और अधिकारियों ने दहशत जदा महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को जब यह कहते हौसला बंधाया कि दीदी आप चिंता ने करें, हम आपको कुछ नहीं होने देंगे। आप हमारे पहनाह मंद ही नहीं मेहमान हैं। यदि पहलगाम के दहशत गर्द हमारे होटल में हमला करने आते भी हैं, पहली गोली हम अपने सीने में झेलकर आप लोगों को बचा लेंगे।

यह मार्मिक दास्तान है जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान घाटी में फंसे तीन दिन बाद शनिवार को सुरक्षित लौटी विजय लक्ष्मी शुक्ला ट्विनसिटी निवासी की। पहलगाम में हुए आतंवादी हमले ने पूरे मुल्क हिलाकर रख दिया। चार दहशतगर्दों ने 28 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। इस भयंकर हमले के समय वहां फंसे हुए सैलानियों में छत्तीसगढ़ से गए 65 लोग भी थे। इनमें 9 लोग भिलाई के भी शामिल हैं। सभी रविवार को जब ट्रेन से सुरक्षित वापस दुर्ग स्टेशन लौटे तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू के साथ चेहरे पर कश्मीर में हुए दहशतगर्दी हमले का खौफ साफ नजर आ रहा था। गाड़ी से उतरते ही वे और परिवार के लोग स्नेह से एक दूसरे को बाहों में कसते हुए भगवान का शुक्रिया अदा करते देखे गए। खुशी के मारे पूरा प्लेटफार्म भारत माता के जयकारे से साथ आतंकवादियों को धिक्कार भी रहा था। लौटने वालों को हमले में मार गए लोगों का दुख भी था। यहां सुरक्षित वापस लौटने वालों में 3 साल के नन्हे बच्चे से लेकर 78 साल तक के बुजुर्ग शामिल थे। किसी की आंखों में राहत के आंसू थे तो किसी की दिल में अपनों से मिलने की खुशी झलक रही थी। पूरे वातावरण में भावनाओं का ज्वार उमड़ रहा था। सभी सैलानियों ने सरकार, सेना तथा सेवा भाव से जुड़े लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। सेक्टर 7 की विजय लक्ष्मी शुक्ला ने शुक्ला ने बताया कि हम लोग हम लोग हमला स्थल बैसरन वैली पहलगाम से मात्र 8 किमी दूर फंसे हुए थे। पहलाम जाने ही वाले थे कि अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी और फोर्स के लोगों ने हमें वहीं रोक दिया गया। अगर हम कुछ और आगे बढ़ जाते, तो शायद आज जिंदा ना लौटते।वापस लौटे लोगों ने छग सरकार व होटल के स्थानीय मुस्लिम लोगों की मदद से ही सुरक्षित घर लौट सके। जिन्होंने हमें हौसला देते हुए कहा कि आपको बचाने हम अपने सीने पर गोली खा लेंगे। हमने शांत और दहशतगर्द दोनों कश्मी का दृश्य देखा। सुचिता जामुलकर ने बताया कि यहां 65 सैलानियों के साथ जम्मू कश्मीर से लौटीं ट्रवल्स संचालक रायपुर की ममता शर्मा ने बताया कि दर्दनाक घटना ने न केवल पीड़ित परिवारों को बल्कि पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने ईश्वर का धन्यवाद करते हुए भविष्य में सुरक्षित यात्राओं की कामना करते हुए कहा कि ऐसा खौफनाक मंजर दोबारा कभी न देखना पड़े।

## पहलगाम आतंकी हमले में फंसे सैलानियों ने सुनाई मार्मिक दास्तां





### महिलाओं ने सुरक्षित घर लौटने पर की पूजा-अर्चना, सीएम का भी जताया आभार

भिलाई से 65 सैलानियों का दल ट्रवल्स कंपनी के माध्यम से 18 अप्रेल को जम्मू फिर 19 को श्री नगर पहुंचा था। 21,22,23 को गुलमर्ग सोनमर्ग और बांकीपुरा तुलिप गार्डन के के बाद पहलागाम घूमने जाने वाले थे। कुछ मिनट पूर्व ही आतंकी महले में 28 लोगों की मार देने के हमले की जानकारी मिली। भिलाई सहित 65 लोगों के ग्रुप में भिलाई से विजया शुक्ला, नीलिमा शर्मा स्मृतिनगर सुचिता जामुलकर दंपत्ति (75 वर्ष) सहित 3 वर्षीय आर्य, 4 साल का अथर्व व निशिका तीन बच्चे रायपुर के थे। हमले के दौरान खुद के संसाधन से सभी श्रीनगर होटल ताजरेसीडेंसी में कश्मीर बंद के दौरान दहशत शांत होने के बाद जान बचने पर कार्यक्रम बदल कर कचरा मां वैष्णव देवी के मंदिर मे मत्था टेककर धन्यावाद देने पहुंचे। फिर भिलाई लौटने पर अपने घरों में परिवार के साथ सुरक्षित लौटने के लिए भगवान की पूजाअर्चना की।

## खबर संक्षेप

### चन्दखुरी में बारदाना गोदाम में लगी आग



**भिलाई।** दुर्ग जिले में चन्दखुरी में स्थित भवानी रस मिल के बारदाना गोदाम में रविवार शाम को भीषण आग लग गई। धुआं निकलता देख लोगों ने अग्निशमन टीम को सूचना दी। टीम के पहुंचने के पहले ही आग फैल गई। सामान धू- धूकर जलने लगा। घटनास्थल पर पहुंची दुर्ग अग्निशमन की टीम लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। जिसमें 3 अग्निशमन वाहन और 20 से अधिक जवान कार्य कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार चंदखुरी में भवानी रस मिल का बरदाना गोदाम है। देर शाम वहां पर आग लग गई। आग ने



बहुत तेजी से विकराल रुप धारण कर लिया। लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। टीम पहुंचकर आग लोगों को हटाया और काम शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। ऐहतियतन आसपास के लोगों को भी सचेत किया गया है। आग से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। अफसरों का कहना है कि आग पर काबू पाने के बाद ही कुछ बताया जा सकेगा।

### अपचारी बालक गिरफ्त में

**भिलाई।** दुर्ग में साइंस कालोज के सामने खड़ी मोटरसायकल चोरी हो गई। इसके अलावा पुलिस ने तोड़फोड़ व बलवा मारपीट के मामले में फरार अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है।

## एक करोड़ की पानी टंकी से जल आपूर्ति जुलाई में शुरू करने का दावा

# जिस पानी टंकी से केमिकल प्रभावित वार्डों को मिलेगा शुद्ध जल वह आधी ही बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जोन चार के केमिकल प्रभावित वार्डों में जिस पानी टंकी से शुद्ध पेयजल देने की जिम्मेदार बात कह रहे हैं वह आधी ही पूरी हो पाई है। 15 वें वित्त आयोग से इस पानी टंकी निर्माण के लिए करीब एक करोड़ रुपए मिले हैं। जुलाई महीने में इस पानी टंकी का निर्माण पूरा होना है। तब तक वार्ड क्रमांक 41 से 46 तक के लोगों को टैंकर से या फिर बोर से ही पानी की जरूरत पूरी करनी पड़ेगी। निगम और निर्माण एजेंसी के बीच अनुबंध हुआ है। लेकिन निर्माण की गति से कार्य समय पर पूरा होगा यह मुश्किल दिखाई देता है। 1500 किलो लीटर की क्षमता इस पानी टंकी की है। वैसे भिलाई निगम 15 वें वित्त आयोग के पैसे से चार पानी टंकी का निर्माण कर रहा है। 4 करोड़ रुपए की लागत से इन पानी टंकियों को बनाया जा रहा है।

### भिलाई निगम वित्त आयोग से कर रहा चार टंकियों का निर्माण



### केमिकल प्रभावित वार्डों में नलों से पानी नहीं

वार्ड क्रमांक 41 से लेकर 46 तक केमिकल प्रभावित क्षेत्र हैं। यहां के 15 से ज्यादा बोर प्रतिबंधित हो चुके हैं। इस बोर से ही लोगों के घरों में पानी देने के लिए स्थानीय पार्षदों ने पाइप लाइन बिछवाई और सार्वजनिक नल लगवाए। केमिकल व खनिजयुक्त पानी आने की वजह से इन नलों से भी पानी नहीं मिल पा रहा है। प्रभावित वार्डों में 5 हजार से ज्यादा नलों में पानी ही नहीं आ पा रहा है। हालात को देखते हुए पार्षदों ने टैंकर से पानी पहुंचा रहे हैं। रहवासी बताते हैं कि वह भी टैंकर कई दिन नहीं आ पाता।

### बड़ा सवाल- पानी टंकी निर्माण लेकिन पानी कहां से लाएंगे

भिलाई निगम क्षेत्रों में पहले की कुल 15 बड़ी पानी टंकियां हैं। ये पानी टंकियां निगम की 77 व 66 एमएलडी प्लांट से जुड़ी हुई है। शिवनाथ नदी से पानी फिल्टर प्लांट में आता है। यहां से पानी फिल्टर होने के बाद बड़ी पानी टंकियों को पावर पंप के जरिए भरा जाता है। इन पानी टंकियों के अलावा 4 बड़ी पानी टंकी बन रही है। इस तरह कुल 19 बड़ी पानी टंकी हो जाएगी। इन पानी टंकियों की क्षमता किसी की 3 हजार किलो लीटर तो किसी की 1500 किलोलीटर है। निगम पार्षदों ने सदन में सवाल खड़े किए थे कि पुरानी पानी टंकियों को ही हम पूरा नहीं भर पाते। ऐसी स्थिति में और चार पानी टंकियों के लिए कहां से पानी लाएंगे। जिसका जवाब ही नहीं मिला।

### भिलाई निगम के लोक स्वास्थ्य विभाग के खर्चे

| | |
|---|---|
| नलकूप खनन- | अनुमानित खर्च 10 लाख रुपए |
| जलवाहिनी विस्तार- | अनुमानित 20 लाख रुपए |
| संपवेल - | 5 लाख रुपए |
| पंप हाउस- | 5 लाख रुपए |
| फिल्टर प्लांट का संचालन व संधारण- | 632 लाख रुपए |
| पेयजल व्यवस्था के लिए पंप मरम्मत- | 550 लाख रुपए |
| टैंकर किराया - | 3 लाख रुपए |

### हैंड, पावर पंपों व नलों की स्थिति

| | |
|---|---|
| हैंडपंप की संख्या- | 1858 |
| पावर पंप की संख्या- | 706 |
| निजी नलों की संख्या- | 47340 |
| सार्वजनिक नलों की संख्या- | 6010 |
| संपवेल की संख्या- | 07 |
| पानी टंकी की संख्या- | 15 |

### निगम खर्च कर रहा हर साल करोड़ों रुपए

भिलाई निगम लोगों को पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपए हर साल खर्च करती है। इस साल यानी वर्ष 2025-26 के पेयजल कार्य के लिए 15.5 करोड़ रुपए का बजट रखा है। अमृत मिशन के तहत वाटर सप्लाई के लिए 8.09 लाख रुपए का प्रावधान रखा है। पेयजल व्यवस्था के लिए कुल 562.56 लाख रुपए खर्च का अनुमान रखा है। पिछले साल वर्ष 2024-25 में ये खर्च 842 लाख रुपए किए गए। उसके बावजूद भी आधी आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है।

#### निर्माण शुरू हो गया

“भिलाई क्षेत्र के पेयजल समस्या को देखते हुए चार बड़ी पानी टंकी का निर्माण शुरू हो गया है। 50 प्रतिशत कार्य भी पूरा हो चुका है। जुलाई महीने से यह प्रारंभ हो जाएगा। इसी में से केमिकल प्रभावित वार्डों के लिए एक बड़ी पानी टंकी का निर्माण खुर्सीपार क्षेत्र में किया जा रहा है। वर्तमान में टैंकर से पानी पहुंचा रहे हैं।

**नीरज पाल,** महापौर

#### प्रभावित बोर प्रतिबंधित

“केमिकल प्रभावित छह वार्डों में वर्तमान में टैंकर से पानी पहुंचा रहे हैं। कुछ बोर भी चल रहे हैं जिससे नलों में पानी लोगों तक पहुंच रहा है। पानी के सैंपलों की जांच के बाद केमिकल प्रभावित बोर प्रतिबंधित कर दिए गए हैं।

**भूपेंद्र यादव,**
जोन अध्यक्ष 4

## सुपेला संडे बाजारः सड़क पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई



■ दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

**भिलाई।** भिलाई निगम ने रविवार की सुबह 7 बजे ही सुपेला संडे बाजार में सड़क के ऊपर बैठकर व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की है। एक दिन पहले ही सभी को चेतावनी दी गई थी कि कोई भी सड़क के ऊपर बैठकर सामानों का बिक्री नहीं करेगा। फिर भी फुटकर व्यापारी पसारा लगाने वाले, फेरी वाले, कपड़ा बेचने, फल बेचने, जूता चप्पल, सामान बेचने वाले सभी ने सड़क के ऊपर सामान रखकर बिक्री कर रहे थे। नगर निगम की टीम वहां पहुंची कई व्यवसाई भाग निकले, जो पकड़ में आए उनका 5600 का चालान काटा गया। साथ ही समझाइश दी गई कि सभी लोग अपने हद में रहे। जितना उनको मार्किंग करके जगह दी गई है, उतनी जगह में सामान रखकर व्यापार करें। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से वहां के हालत ऐसे हो जाते है कि अगर दिन में एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड लेकर के जाना पड़ जाए तो वह अतिक्रमणकारियों की वजह से निकल नहीं सकते हैं। निगम ने मोनू आहता सेंटर, सीताराम आहता सेंटर, जानकी साहू किराना स्टोर, नमाज कपड़ा, साजिद भाई गारमेंट, किस फल ठेला, अब्दुल, दुर्गा फल ठेला, सरस्वती दोसा सेंटर, मामा भांजा, सूर्यास्त दोसा सेंटर, देवराज नाश्ता होटल, सुमित कुमार, फल सेंटर, सोनू चौहान फल सेंटर, से सिंगल युज प्लास्टिक प्लास्टिक का उपयोग करना एवं सड़क बाधाशूल ले करके रसीद दी। जुर्माने की कार्रवाई के बाद अतिक्रमण कारियों में हडकंप है। निगम ने हिदायत दी कि आगे से अगर वह सड़क पर सामान रखकर बिक्री करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## पुलिस ने नियमों के पालन का पाठ पढ़ाया

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने व्यापारियों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाने के बाद सड़क पर अतिक्रमण सामन न रखने की चेतावनी दी। उधर जुनवानी क्षेत्र में मॉडिफाई वाहनों के संचालन की शिकायत भी पुलिस को मिली। उसके बाद पुलिस ने 20 वाहनों की जांच की। 14 वाहन चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहे थे। जिन पर भी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को इंदिरा मार्केट क्षेत्र में पटेल चौक से फरिस्ता कॉप्लेक्स तक नो -पार्किंग में खडे दो पाहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर यातायात कार्यालय दुर्ग जोन में पहुंचाया गया। वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले चार पहिया वाहनों में लॉक लगाने की कार्रवाई भी की गई। जिले के प्रमुख मार्गो पर लगातार 4 दिनों से शाम छह बजे से देर रात तक शराब पीकर वाहन चलाने वालो और लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। बीती रात 14 लोग नशे की हालत में वाहन चलाते पुलिस को चैकिंग के दौरान मिले। पुलिस ने उन वाहनों को जप्त कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा गया। पिछले 4 दिनों में 27 वाहन चालकों को न्यायालय पेश किया गया।

## स्कूटी से पहुंचे खमरिया-जुनवानी, गली मोहल्ले में बैठकर पूछी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूटी से वार्ड की गलियों-मोहल्ले होते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन खमरिया जुनवानी में घर घर सम्पर्क कर न केवल लोगों से समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं बल्कि अनेक दिक्कतों के फौरी निराकरण के लिए पहल भी उनके द्वारा की जा रही है। उन्होने जुनवानी के मोहल्ले में सड़क, नाली सहित पानी निकासी व्यवस्था जांचते हुए एसबीआई बैंक कालोनी, सतनामी पारा, शीतला तालाब, खमरिया भाठा क्षेत्र में लोगों से मुलाकात की। सेन ने 15 अप्रैल से स्कूटी से वार्ड सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया है।



### नाली के पहले रोड बना दिए -इंजीनियर की लें क्लास

एसबीआई कालोनी जुनवानी में स्ट्रीट रोड और नाली दोनों का निर्माण होना है। कई जगह सीमेंट की सड़क तो बन गई लेकिन पानी निकासी के लिए नाली का कार्य शुरू न होने पर निगम जोन आयुक्त से नाराजगी जताते हुए विधायक सेन ने इस बावत इंजीनियर की क्लास लगाने कहा। उन्होंने तैयार नई सीमेंट सड़क की नियमित रूप से पानी से तराई करने टैंकर भिजवाने और नाली निर्माण तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं।
बैंक कालोनी में ही एक परिवार द्वारा एंटिक गाड़ियों को अपने मकान के आस पास की सड़कों पर लंबे समय से पार्क कर उसे डंप यार्ड बनाने की शिकायत पर श्री सेन स्थानीय नागरिकों के साथ मौके पर पहुंचे और संबंधित परिवार को जल्द सड़क खाली करने की अपील की। उस परिवार ने विधायक से अपनी ग़लती मानते हुए भविष्य में ऐसी शिकायत फिर नहीं होने का भरोसा दिलाया।




### तीन टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में रविवार तड़के 4.30 बजे दी दबिश

# संदिग्धों की तलाश में पुलिस ने दी दबिश, चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद जिले की पुलिस ने बिना सूचना के रह रहे संदिग्धों की जांच शुरू कर दी है। रविवार की सुबह 4.30 बजे तीन अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 1150 संदिग्ध रहवासियों की आईडी का परीक्षण किया गया। उधर 43 संदिग्धों के आधार कार्डों का वेरीफिकेशन जब पुलिस ने किया तो सामने आया कि वह दूसरे देश के निवासी नही है। यह लोग भारत के अन्य राज्यों से भिलाई काम करने आए हैं। वह यहां रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पुलिस ने छह लोगों को संदिग्ध मानकर उठाया था। बाद में जब उन लोगों ने रिकार्ड प्रस्तुत किए तो बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

पुलिस की तीन टीमों के साथ करीब 200 से अधिक जवान इस सर्चिंग अभियान में चल रहे थे। उधर थाना मोहन नगर के वाम्बे आवास उरला, थाना सुपेला क्षेत्र के करबला मैदान और थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र के हथखोज, पुरैना,वाम्बे आवास (बजरंग पारा) में रह रहे नागरिकों की जांच की गई।



एसएसपी विजय अग्रवाल ने आतंकवादी हमले के बाद बैठक लेकर यहां रह रहे विदेशी नागरिकों की जांच के निर्देश दिए थे। इसके तहत भिलाई-3 क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, दुर्ग सुखनंदन राठौर के नेतृत्व में हथखोज, पुरैना, वाम्बे आवास (बजरंग पारा) में 250 व्यक्तियों की जांच की गई। इनमें 5 संदिग्ध पाए जाने पर इनके विरूद्ध 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर इनके फिंगर प्रिंट लिए गए। एक दुपहिया वाहन को भी जप्त किया गया। सुपेला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईयूसीएडब्ल्यू, पद्मश्री तंवर के नेतृत्व में करबला मैदान में रह रहे 300 नागरिकों के आधार कार्डौर जरूरी रिकॉर्डों की जांच की गई। छह संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध 128 बीएनएसएस के तहत कार्यवाई की और इनके फिंगर प्रिंट लिए गए। इसी तरह मोहन नगर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण अभिषेक झा की टीम ने वाम्बे आवास में रह रहे 600 व्यक्तियों की जांच की गई। तीन संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ धारा 128 बीएनएसएस के अन्तर्गत कार्रवाई की गयी। इस दौरान 5 फरार वारंटियों और छिनैती के सामान के साथ 2 व्यक्तियों गिरफ्तार किया गया।

### हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

मुसाफिरी जांच के तहत यहां रहने वाले लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र की जांच और क्रॉस वेरिफिकेशन भी किया गया। संतोष जनक जवाब नहीं देने और किसी भी प्रकार की कोई सूचना नहीं दिए जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। पुलिस ने मकान मालिकों से कहा कि जब भी वर किराए दार रखें तो उनका पूरा विवरण दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी थाना व चौकी में अनिवार्य रूप से जमा करें। यदि किराएदार की जानकारी नहीं दी जाती है और जांच में यह पाया जाता है कि किराएदार के पास उसके प्रमाणीकरण के लिए कोई आवश्यक दस्तावेज नहीं है, तो किराएदार के साथ मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



04

यूएसए की गर्मी

## लाइव इवेंट

### बच्चों को राजयोग मेडिटेशन और नैतिक मूल्यों की दी शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में आयोजित डिवाइन ग्रुप की साप्ताहिक कक्षा में आज एक विशेष पहल देखने को मिली। हर रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक संचालित होने वाली इस कक्षा में आज पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने सभी बच्चों को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों को राजयोग मेडिटेशन और नैतिक मूल्यों की शिक्षा प्रदान करना था, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक बनाना भी था। पौधे वितरित करते हुए उपस्थित ब्रह्माकुमारी पूजा और बीके गायत्री ने बच्चों को संदेश दिया कि जिस प्रकार हम प्रेम से पौधों की सेवा करते हैं, उसी प्रकार हमें प्रकृति और समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि यदि आप प्रेम, शांति, बड़ों के प्रति आदर और मधुरता आदि गुणों को अपने व्यवहार में लाएंगे तो प्रकृति सदा आपकी सहयोगी रहेगी। इस दौरान सभी बच्चों को विशेष होमवर्क दिया गया की अपने से छोटे और बड़ों की, पशु पक्षियों की और उपस्थित सभी बच्चों को दिए गए पौधों की (समय पर पानी देकर) प्रेम से आत्मिक रुप से पालन-पोषण भी करना है। ब्रम्हकुमारी बहनों ने जानकारी देते हुए बताया कि हर रविवार को कक्षा 4 से 9 तक के बच्चों के लिए आयोजित डिवाइन ग्रुप की यह क्लास विगत 20 वर्षों से भी अधिक समय से अनवरत चल रही है। जिससे बच्चों का शारीरिक व बौद्धिक रुप से बेहतर विकास होता है और बच्चें जीवन में उच्च मुकाम हासिल करते है।

## सिटी इवेंट

### स्विस पैरा-आर्म रेसलिंग कप में श्रीमंत ने जीता सिल्वर मेडल, फिर लहराया देश का तिरंगा



**भिलाई।** स्विस पैरा-आर्म रेसलिंग कप में श्रीमंत झा ने सिल्वर मेडल जीतकर देश के तिरंगे का एक बार फिर से मान बढ़ाया है। उन्होंने यह मेडल पहलगाम आतंकी हमले में जान गवाने वाले निर्दोश लोगो को समर्पित किया है। दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंत झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में +85 किलोग्राम वर्ग में भाग लिया और सिल्वर मेडल अपने नाम किया। पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने एक बार फिर भारत का तिरंगा लहराया है। उन्होंने स्विट्जरलैंड में आयोजित पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में +85 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर पदक अपने नाम किया। उन्होंने अपना सिल्वर मैडल पहलगाम आतंकी हमले में जिन्होंने जान गवाही है उनको समर्पित किया। यह टूर्नामेंट 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। उन्होंने क्रोएशिया के लुका ड्राकन को हराकर सिल्वर मेडल जीता। श्रीमंत झा ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी की है और आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। झा ने आगे कहा, यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से भारत को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा। श्रीमंत छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले हैं। उन्होंने इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाया है। अब तक 54 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके श्रीमंत के सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर पीपुल्स आर्म रैसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष प्रीति झींझानी, छत्तीसगढ़ के आर्म रैसलिंगके अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, चेयरमैन बृजमोहन सिंह, सचिव श्रीकांत और कृष्ण साहू ने शुभकामनाएं दी है।

## सिटी इवेंट

### रिटायर कर्मी बोले- मुश्किल दिनों में सेक्टर-6 सोसाइटी ने हमेशा संबल दिया




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक आयोजन में सोसाइटी के मार्च माह या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को समारोह के दौरान विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल व श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया।

अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्ति के इस भावुकता से भरे अवसर पर हम अपने वरिष्ठ कर्मियों का सम्मान ही नहीं कर रहे हैं बल्कि एक आत्मीय रिश्ते को और मजबूत भी कर रहे हैं। उन्होंने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं दी।

● 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर दान पुण्य का विशेष महत्व, होंगी कई शादियां

# अक्ती पर रचाई जाएगी गुड्डे- गुड़ियों की शादी, सजे बाजार बच्चे उत्साहित, परशुराम जयंती पर होंगे कई आयोजन

अक्षय तृतीया पर गुड्डे गुड़ियों की शादी के लिए बाजार सज चुके है। इस दिन घरों में छोटे बच्चे पारंपरिक विधि विधान से गुड्डे गुड़ियों की शादी रचायेंगे। इस बार 30 अप्रैल अक्षय तृतीया पर बंपर शादियां होंगी। वहीं ब्राम्हण समाज द्वारा जगह-जगह शरबत व चने को प्रसाद का वितरण कर कई आयोजन भी आयोजित किये जाएंगे। अक्षय तृतीया तिथि ही त्रेतायुग का आरंभ दिन है साथ ही त्रेतायज्ञ का भी प्रथम दिवस है। इस बार की अक्षय तृतीया पर रोहिणी नक्षत्र, बुधवार और शोभन योग के साथ साथ भगवान परशुराम जयंती शुभ संयोग बन रहा है। कई बार परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया दोनों की तिथियां भिन्न होती हैं लेकिन इस वर्ष वैशाख शुक्ल तृतीया कल्पादि त्रेतायुग युगादि तिथि दोनो एक साथ होने से इस बार की अक्षय तृतीया का विशेष महत्व बढ़ गया है। सुपेला सहित अन्य बाजारों में 120 से 150 रुपए जोड़ा मिट्टी के दुल्हा-दुल्हन बिक रहे है।

**भिलाई।** अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अक्षय तृतीया पर रोहिणी और मृगशिरा दोनो नक्षत्र जो विवाह मुहूर्त का सबसे उत्तम नक्षत्र माने जाते हैं इस अक्षय तृतीया पर देशभर मे असंख्य विवाह होंगे, साथ ही साथ जातकर्म, नामकरण, उपनयन संस्कार एवं व्यापार मुहूर्त (नए दुकान व फैक्ट्री आदि के शुभारंभ का) मुहूर्त है। इसलिए इस बार की अक्षय तृतीया पर चहुंओर चहल-पहल देखने को मिलेगी।

इस दिन बच्चे गुड्डे गुड़ियों की शादी रचाएंगे। इसके लिए बाजार में मिट्टी के गुड्डे गुड़िया, दूल्हा दुल्हन बिकने के लिए आ गए हैं। अभी तक वैसा उत्साह नहीं दिख पाया है जैसा उत्साह पहले होता था। दुकानदारों का कहना है कि महंगाई की मार ने हर तीज त्योहारों को फीका कर दिया है फिर भी आशा है कि लोग बाहर निकलेंगे और व्यापार अच्छा होगा। आजकल वैसे भी बच्चे मिट्टी के खिलौने से दूर हो गए हैं। मोबाइल की दुनिया में व्यस्त हैं। तीज त्योहार संस्कृति ही हमारी पहचान है। ऐसे में घर के बड़ों को चाहिए कि वे इस ओर ध्यान दें। अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छा संदेश दें और उन्हें बताएं अपने तीज त्योहारों के बारे में अवगत कराएं।



### मुहूर्त की आवश्यकता नहीं

हिन्दू धर्म के अनुसार अक्षय तृतीया विवाह के लिए शुभ दिन माना गया है। इस दिन किसी भी शुभ कार्य या विवाह के लिए मुहूर्त की आवश्कता नहीं होती है। इस दिन गांव-गांव व शहर में भारी संख्या में शादी होती है। इस पर्व को छत्तीसगढ़ में अक्ती पर्व के नाम से जाना जाता है। एक ओर शादी जोड़े विवाह के बंधन में बधेंगे। वहीं शादी के बंधन से अंजान बच्चे पूरे रीति रिवाज के साथ मिट्टी के बने गुड्डे-गुड्डियों का पारंपरिक ब्याह रचाएंगे।





### आने वाले दिनों में विवाह मूहूर्त

अक्षय तृतीया पर विवाह का मुहूर्त पूरा दिन और रात के 12:47 मिनट के पूर्व अत्यंत शुभप्रद मुहूर्त है। इस दिन से ही बद्रीनाथ, केदारनाथ यात्रा प्रारम्भ होगी। तंत्र की दृष्टि से मां मातंगी देवी की जयंती मनाई जायेगी। आचार्य चौबे ने बताया कि 30 अप्रैल अक्षय तृतीया और मई में 1,5,6,8,9,17,18,22, और जून माह में 1,2,7,8 जून तक ही विवाह के शुभ मुहूर्त है।

### अक्षय तृतीया पर गंगा-स्नान का विशेष महत्व



ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे ने बताया कि अक्षय तृतीया पर गंगा-स्नान करने से मनुष्य सभी पापों मुक्त होता है। साथ ही इस दिन पानी का पौसरा और गुड़ वितरण करने से अक्षय सुख की प्राप्ति होती है। तांबे के लोटे में शक्कर भरकर कुछ द्रव्य दान किया जाए तो जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और असाध्य से असाध्य रोग जो प्रारब्ध से प्रदत्त है उस रोग से निवृत्ति मिल जाती है। इस दिन लक्ष्मी प्राप्ति के लिए मां महामाया लक्ष्मी के मंत्र का विशेष अनुष्ठान कर ब्राह्मण को जौ का दान करना चाहिए।

### क्या करें दान

ब्रह्मवैवर्त पुराण मे अक्षय तृतीया पर यथाशक्ति सुवर्ण, जल से भरा घट, पंखा, गेहूं, चने का सत्तू, भात एवं अन्य ग्रीष्म कालीन वस्तुओं के दान करने का विशेष महत्व है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि श्री शिवमहापुराण में कहा गया है यदि अक्षय तृतीया के साथ साथ यदि रोहिणी नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा हो उस दिन यदि जल से भरा घट और वस्त्र किसी ब्राह्मण बालक को दान किया जाए तो ऐसा व्यक्ति शिवलोक में सत्कार पाता है, और उनके पितर खुश होते हैं। कुंडली मे पितृदोष का निवारण भी हो जाता है।

# आतंकवादी हमले के विरोध में कलाकारों ने बनाई सौ फीट की पेंटिंग, कैंडल जलाकर कर जताया विरोध

**भिलाई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सिविक सेंटर के कृष्ण-अर्जुन रथ परिसर में 100 फीट लंबे कैनवास पर भिलाई, दुर्ग, खैरागढ़ के नामचीन कलाकारों ने पेन्टिंग बनाई। जिसे देखकर दुर्ग सांसद सांसद विजय बघेल द्रवित हो उठे और भारत सरकार द्वारा आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार की बात कही। उन्होंने कहा कि आतंकी पाताल में भी छुप जाएंगे तो भी उन्हें ढूंढकर मारा जाएगा, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या मे मौजूद कलाकार और आम नागरिकों ने कैंडल जलाकर शहीदों को नमन किया और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। सांसद विजय बघेल ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व मे हमारा देश अतिशीघ्र ही विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। यही बात पड़ोस के मुल्क को हजम नहीं हो रही है। कश्मीर घाटी भी शांति के पथ पर आगे बढ़ने लगा है। इस दौरान सासंद ने चित्रकार बी.एल. सोनी, रोहिणी पाटणकर, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, प्रीति साहू, गुंजन शर्मा, यश दलवी, कांता देवी, लल्लेश्वरी साहू, अभिषेक सपन, प्रवीण कालमेघ, इंद्रजीत सिंह, विजय शर्मा, तरूण धोटे, प्रशांत क्षीरसागर, अशोक देवांगन, पुनिता सिंह पटेल, प्रभुचरण जेना, जीवन ज्योति, सरिता श्रीवास्तव, वीरेंद्र पटनायक तथा कार्यक्रम संयोजक डा. अंकुश देवांगन द्वारा बनाई पेन्टिंग को देखा और सराहा। सिविक सेंटर में इस दौरान बड़ी संख्या में आम जनता तथा कलाकार एकत्रित थे जिन्होंने देशभक्ति के नारे लगाए।



# एम्स रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर 3 मई को भिलाई में देंगे सेवाएं, खुर्सीपार में लगेगा मेगा हेल्थ कैंप

**भिलाई।** AIIMS (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) रायपुर का मैगा हेल्थ कैंप खुर्सीपार के स्वामी आत्मानंद स्कूल बालाजीनगर में भिलाई में 3 मई को आयोजित किया जाएगा। इस हेल्थ कैंप में एम्स रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देते हुए लोगों की जांच करेंगे। कैंप में जांच के बाद उपचार के लिए मरीजों को उचित दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। गंभीर मरीजों को उपचार के लिए भर्ती भी कराया जाएगा। इस हेल्थ कैंप का संयोजन कर रही हैं भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व पदाधिकारी स्वाति साहू ने बताया कि 3 मई को यह हेल्थ कैंप खुर्सीपार में आयोजित किया गया है। स्वामी आत्मानंद स्कूल बालाजीनगर श्रीराम चौक में आयोजित इस कैंप में 30 डॉक्टरों व विशेषज्ञों की टीम एम्स रायपुर से आ रही है। दुर्ग जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम भी अपनी सेवाएं देंगी। स्वाति साहू ने बताया कि सांसद विजय बघेल और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय का इस कैंप के लिए विशेष सहयोग मिल रहा है। इस कैंप में सीईओ एम्स रायपुर के डॉ. अशोक जिंदल मौजूद रहेंगे। वहीं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद सक्सेना अपनी टीम के साथ शिविर में सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में छग प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग मेयर अलका बघमार, मनीष पांडेय समेत अन्य मौजूद रहेंगे।

■ खुर्सीपार के स्वामी आत्मानंद स्कूल बालाजीनगर में होगा हेल्थ कैंप

## स्कूलों और प्राइवेट क्लासेस में समर कैंप 2025 का आयोजन आज से

**कार्नर न्यूज**

स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां लगते ही सभी जगह समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कही बच्चें अपने पसंदीदा खेल को खेलकर परफेक्ट बनेंगे, तो कही अपनी क्रिएटीविटी खाते हुए एक से बढ़कर एक आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, फिटनेस, योग सीखकर व्यक्तित्व में निखार लायेंगे। बदलते समय को देखते हुए प्राइवेट संस्था और स्कूलों में अलग-अलग प्रोजेक्ट के आधार पर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिससे बच्चों को कैंप में छोड़ने आये माता-पिता और दादा-दादी, नाना-नानी भी उनके साथ समय का सदुपयोग कर सकेंगे। इसी कड़ी में इंदु आईटी स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप की तैयारियां ज़ोरों पर हैं। यह कैंप 28 अप्रैल से 12 मई तक आयोजित किया गया है। यह कैंप रोज सुबह 6.30 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह कैंप 3 साल के बच्चों से लेकर 80 साल के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किया गया है एक ऐसा आयोजन जो उम्र की सभी सीमाओं को तोड़ते हुए सभी को एक साथ सीखने, खेलने और आनंद लेने का अवसर देगा।

# तीन से अस्सी वर्ष तक के बच्चों और बुजुर्गों को समर कैंप में मिलेगा अनोखा अनुभव, ग्रंथों के पाठ से सीखेंगे नैतिक शिक्षा





**भिलाई।** इस समर कैंप में पारंपरिक भारतीय मूल्यों और आधुनिक कौशलों का अनोखा समावेश किया गया है। रामायण और महाभारत की कहानियां जहाँ प्रतिभागियों को नैतिक शिक्षा और संस्कृति से जोड़ेंगी, वहीं रोबोटिक्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, फिटनेस, योग और व्यक्तित्व विकास जैसी गतिविधियाँ उन्हें रचनात्मक और तकनीकी रूप से भी समृद्ध करेंगी।

कैंप को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि हर उम्र के प्रतिभागी अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार न केवल भाग ले सकें, बल्कि एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण में खुद को बेहतर बना सकें। स्कूल के परिसर में अनुभवी प्रशिक्षक और आधुनिक सुविधाओं के साथ अनेक गतिविधियां सीखाई जाएंगी। यह समर कैंप केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए एक ऐसा मंच बन रहा है जहां पीढ़ियाँ एक-दूसरे से सीखेंगी, साथ बिताए समय को सराहेंगी और यादों से भरी गर्मियाँ बिताएंगे। सीखने की कोई उम्र नहीं होती इसी संदेश के साथ यह समर कैंप भिलाई के सामाजिक और शैक्षणिक परिदृश्य में आयोजित किया जाएगा। आज से इस अनोखे समर कैंप के सफर की औपचारिक रूप से शुरूआत होगी।

### ठेठवार भवन रिसाली में आज से कैंप

नृत्य कलामंदिर दवरा पिछले 15 वर्षों से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस बार इस कैंप की शुरुआत 28 अप्रैल से हो रही है। आयोजक रानी नंदिनी ने बताया कि 4 जून तक चलने वाले इस कैंप में बच्चों से लेकर बड़ों के लिए बॉलीवुड, बैले सहित सभी डांस, फीटनेस के लिए योगा, एरोबिक्स, अन्य एक्टीविटी में ड्राइंग, पेंटिंग, ज्वैलरी मेकिंग आदि सीखाए जाएंगे।

## सिटी इवेंट

### 'हमारा इतिहास, हमारी पहचान' भारतीय संस्कृति को मंच पर दिखाया



**भिलाई।** हिंदी यूएसए सेंट लुईस की ओर से अमेरिका में तीसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "हमारा इतिहास, हमारी पहचान" का आयोजन किया गया। इस्पात नगरी भिलाई निवासी डॉ. अंशु जैन और मयंक जैन के नेतृत्व 2.5 घंटे लंबे इस भव्य आयोजन में लगभग 450 से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम ने दर्शकों को भारतीय इतिहास की एक अनूठी यात्रा पर ले जाते हुए, चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक से शुरुआत की। इसके बाद पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, तान्हा, छत्रपति शिवा महाराज और रानी लक्ष्मीबाई जैसे योद्धाओं की वीरगाथाओं को बच्चों ने अद्भुत अभिनय और नृत्य से प्रस्तुत किया। सामाजिक क्रांति की प्रतीक सावित्रीबाई फुले और महात्मा गांधी की शिक्षाओं को भी यहां मंचित किया गया। भारत की आजादी, भारतीय सेना को समर्पित प्रस्तुति, और अंत में हिंदी यूएसए की 14 शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत "स्पिरिट ऑफ इंडिया" नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस समारोह में हिंदी यूएसए के स्नातक छात्रों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें आरव विजय, अभिनव नागपाल, अनुष्का शर्मा, भव्या गुप्ता, देवांशी शर्मा, नेहा प्रसाद, ऋत्विक जैन और तुषार खत्री शामिल हैं। इन बच्चों का मार्गदर्शन यहां शिक्षकों, डांस समन्वयकों और हिंदी यूएसए की स्वयंसेवक टीम ने किया। इस आयोजन में हिंदी यूएसए के 65 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने मंच संचालन,सजावट,ऑडियो-विजुअल,स्नैक्स, बैकस्टेज और अन्य कई भूमिकाओं में योगदान दिया। स्वयंसेवकों में शुचि, क्रांति, निधि, अंशु, नेहा, वंदना, कपिल, चेतन, बरखा, चिन्नैया, अनुपमा, ऋतु, शालिनी, वीणा, मीता, करिश्मा, कार्तिका, रोमा, पूजा, नम्रता, सीमा, तश, सारिका, दीप्तिका, मेघना, आकाश, पल्लवी, विभा, स्निग्ध, रमन, ज्योत्सना, विनिता, पायल, निशा, रेणुका, रश्मि, जया, पारुल, तेजस्विनी, हेमा, कविता, मनीषा, पिंकी, प्रियांका, आर्तिका, मानवी, प्रियंक और मयंक, युवा स्वयंसेवकों में तुषान, आरव, नेहा प्रसाद,शुभ श्रेष्ठ, ऋत्विक और आद्विका शामिल थे।




## समाज इवेंट

### सतनामी समाज ने पहलगाम में मारे गए सैलानियों को दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर 6 में संपूर्ण समाज की तरफ से पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के लोगों ने कहा कि इस घटना से पूरी मानव जाति शर्मसार है। आतंकियों ने भारतीय नागरिकों की जगन्य हत्या की है। इसकी जितनी आलोचना कि जाए उतनी कम है। गुरु घासीदास सेवा समिति ने वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। समाज के लोगों ने कैंडल मार्च भी निकाला। साथ ही मृतकों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लाइव इवेंट

### लोक गायक तुषांत बारले को मिला कला साधक सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के युवा लोक गायक तुषांत बारले को उनकी कला साधना के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग ने कला साधक सम्मान प्रदान किया है। ग्राम भेंडरा खपरी बालोद में मिनीमाता मूर्ति अनावरण समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया। तुषांत बारले छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंथी कलाकार पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले के सुपुत्र हैं। इनके द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेला, मड़ाई तथा लोक महोत्सव में अपने मधुर आवाज में गायन प्रस्तुत कर चुके हैं। उन्हें शासन, प्रशासन एवं सामाजिक स्तरों पर विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। गरियाबंद में गीतकार भूपेंद्र साहू की संस्था 'रंग सरोवर' में तुषांत बारले लोक गायक की भूमिका अदा करते हैं। अभी हाल ही में बोरिया रंग महोत्सव 2025 में उन्हें कला श्री सम्मान, बानबरद लोक कला महोत्सव 2024 में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान, 2024 में शक्ति भवन रिसाली जिला दुर्ग में सुरता मिनीमाता एवं सम्मान समारोह सम्मान, 2023 में गोंडवाना भवन कांकेर में राष्ट्रीय स्तरीय वैद्य महासम्मेलन एवं कला महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में गुरु बालक दास वीरता सम्मान और परेंगुड़ा करहीभदर जिला बालोद 2021 में भोला दशहरा एवं नवा खाई महोत्सव में छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान सहित ढेरों सम्मान मिल चुके हैं। तुषांत अपने पिता की तरह छत्तीसगढ़ी संस्कृति को देश-विदेश में फैलाने का संकल्प लेकर कला साधना कर रहे हैं।

● उमरपोटी में आध्यात्मिक प्रवचन का छठवां दिन, 5 मई तक तक बहेगी भक्ति की अविरल धारा

# 84 लाख प्रकार की योनियों में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ, माया के सत्व, रजो और तमोगुण प्रतिक्षण बदल रहे हैं: श्रीश्वरी

**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालुजी महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी का 13 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन उमरपोटी स्थिति श्रीजी पैलेस में आयोजित किया गया है। इस आध्यात्मक प्रवचन को श्रवण करने प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। प्रवचन के छठवें दिन देवी श्रीश्वरी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि 84 लाख प्रकार की योनियो में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है। 5 मई तक चलने वाले इस आध्यात्मिक प्रवचन में छठवें दिन रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, नंदकुमार कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित होकर महाआरती की और कृष्ण भक्ति में लीन रहे। प्रवचन के छठवें दिन जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने संसार के स्वरूप बताते हुए कहा कि संसार में कोई भी जीव किसी अन्य जीव के मुताबिक एक सेकंड को भी नहीं रह सकता, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर माया के तीन गुण प्रतिक्षण बदल रहे हैं। सत्वगुण, रजोगुण और तमोगुण। यदि दो व्यक्तियों के गुण एक से हुए तो आपस में दोस्ती हो जाएगी और गुण अगर अलग–अलग हुए तो बनी बनाई दोस्ती भी समाप्त हो जाएगी।





### संसार में ना ही कहीं सुख है और ना ही दुख

वेद इत्यादि से प्रमाण प्रस्तुत करते हुए देवी ने कहा कि संसार में कोई किसी के सुख के लिए कुछ नहीं कर सकता। जब तक मनुष्य स्वयं आनंद मय नहीं हो जाता अर्थात ईश्वर प्राप्ति नहीं कर लेता तब तक वो जो भी कार्य करता है स्वयं के आनंद के लिए ही करता है। संसार में ना ही कहीं सुख है ना ही कहीं दुःख हैं। यदि संसार में किसी भी व्यक्ति या वस्तु से सबको एक समान सुख मिलता है परन्तु ऐसा तो नहीं होता। हम जहाँ सुख मान लेते हैं वो अपना ही माना हुआ सुख हमको संसार से प्राप्त होता है और जब वही वस्तु या व्यक्ति हमसे छिन जाता है तो उतनी ही मात्रा का दुःख होता है, जितना हमने उससे सुख की आशा की थी। यदि संसार में हम कहीं भी सुख ना माने किसी भी व्यक्ति या वस्तु में तो हमे संसार छिनने पर दुःख भी नहीं होगा और इस प्रकार से हम संसार से राग और द्वेष से रहित हो जायेंगे।



### भगवत प्राप्ती में ही आनंद है

गीता के आंठवे अध्याय का सोलहवें श्लोक में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं ब्रम्हलोक तक माया का राज्य है अतएव ब्रह्मलोक तक जाकर पुनः मृत्युलोक में लौटना पड़ेगा, क्योंकि हमारी दिव्य आत्मा का विषय दिव्य वस्तु ही हो सकती है, प्राकृत जगत दिव्य आत्मा का विषय नहीं हो सकता। यानी हमारी तृप्ति ब्रम्हलोक तक जाकर भी नहीं हो सकती है दिव्य आत्मा का विषय दिव्य भगवान ही हो सकते हैं, इसलिए भगवान को प्राप्त करके ही आत्मा सदा सदा के लिए आनंदमय हो सकती है।

### ईश्वर को पाने के लिए अध्यात्म जरूरी

श्रीश्वरी देवी ने कहा कि यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि हम सभी जीव केवल ईश्वर को ही चाहते हैं, क्योंकि हम प्रतिक्षण सुख पाने की होड़ में लगे हुए हैं। परंतु इसके विपरीत हमारे वेद यह भी बताते हैं, कि विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है यह महान आश्चर्य है और कैसे है? प्रवचन श्रृंखला धारावाहिक होने से प्रतिदिन सुनना अनिवार्य होगा। आध्यात्मिक प्रवचण का 28 अप्रैल को सातवां दिन है। इस दिन भी शाम को 6 बजे से रात 8 बजे तक कथा होगी। इसमें आसपास के भक्त बड़ी संख्या में रोज पहुंच रहे है।

## आयोजन...

# हज पर जाने के लिए आयोजित की गई प्रशिक्षण कार्यशाला

**भिलाई।** मरकज सुपेला मस्जिद नूर सुपेला की ओर से इस साल हज पर जाने वालों के लिए तरबीयत (प्रशिक्षण) कार्यशाला रविवार की दोपहर फरीद नगर में रखी गई। जिसमें मुफ्ती मोहम्मद इमरान और मुफ्ती फैयाज ने हज के दौरान करने वाले सभी अरकान को आसान तरीके से समझाया। इस दौरान हज पर जाने वाले लोगों को दोनों मुफ्ती ने बताया कि हैसियत वालों पर जिंदगी में एक बार हज फ़र्ज़ है। अपने घरवालों पर खर्च करने के बाद इतना धन हो जब अल्लाह जब मौका दे तो जाए कोई हर्ज नहीं है। उलेमा ने हज पर जाने वालों को कहा कि अपना दिल हर एक से साफ करके जाएं। किसी से पहले कभी कहा सुनी हुई है तो माफी तलाफी कर लें। जहां जा रहे वो अल्लाह का दुनिया में घर है पाक साफ ओर हर किस्म की बदगुमान से दिल भी साफ रहें। हज करने वाला काबा शरीफ का तवाफ करने के बाद ऐसा होता है जैसे उसकी मां ने आज ही जन्म दिया है, यानी उसके जिम्मे कोई गुनाह बाकी नहीं रहता है। उलेमा ने बताया कि हज सीख कर करना बहुत अच्छा है जिससे हर अरकान आसानी से हो सकता है। उलेमाओं ने कहा कि हज पर जाने वाले बहुत मुबारक लोग हैं। वहां हज़रत इब्राहिम-इस्माइल अलैहिस्सलाम की सुन्नत कुर्बानी अदा करना है। मदीने की हाजिरी पर दरूद व सलाम हर वक्त ज़ुबान पर जारी रखें। हर वक्त पूरी इंसानियत की हिदायत की दुआ करें। इसमें उन्होंने एहराम बांधने का तरीका समझाया। दोनों मुफ्ती ने बताया कि हज की किस्म और हज के तीन फर्ज है। जिसमें एहराम, नीयत, तलबियाह, दो वुकुफे अरफा तीन तवाफे जियारत हज में छह वाजिब है। उलेमा ने हज पर जाने वाले से कहा कि जब आप हज से वापस आएंगे तो आपकी जिंदगी में अब अल्लाह का डर के साथ हज़रत मुहम्मद वाली पाकीजा जिंदगी अपनाना और उसके मुताबिक जिंदगी गुजारने और लोगों के साथ हमदर्दी सिला रहमी और मददगार साबित होना चाहिए। इस दौरान मस्जिद नूर सुपेला के हाजी नईम अहम, हाजी नैय्यर इकबाल और हाजी अब्दुल हमीद ने बताया कि हर साल हज पर जाने वालों के तरबीयत प्रोग्राम में आयोजित किया जाता है ताकि लोगों को हज आसान हो सके और सीखकर करें। आखिर में दुर्ग भिलाई से हज पर जाने वालों को हाजी हमीद की लिखी हिंदी की किताब रहनुमा ए हज निःशुल्क दी गई। आखिर में मुल्क में अमन चैन खुशहाली और तरक्की की दुआएं की गई। इस दौरान सैय्यद असलम, हाफिज नसीम, हाफिज अब्दुल मतीन,फैजी पटेल, सुलेमान, अब्दुल जमील, अब्दुल समद, वसीम अहमद सहित हज पर जाने वाले लगभग 60 आजमीने हुज्जाजे इकराम मौजूद थे।



**अपना दिल हर एक से साफ कर हज के मुबारक पर जाएं: उलेमा**

## कश्मीर की घटना के कारण सादगीपूर्ण मना जन्मदिन

# सादगी से मनाया मास्टर ब्लास्टर का जन्मदिन, फैन ने किया सेवा कार्य

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई निवासी अभिषेक अग्रवाल ने भारतरत्न मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा किए गए जनसंहार के शोक के चलते अभिषेक ने पूर्व घोषित विस्तृत कार्यक्रम स्थगित कर सादगीपूर्ण ढंग से केक काटा और वंचित समुदाय के बीच सेवा कार्य किया। विगत 8 वर्षों से सचिन से मिलने के लगातार गंभीर प्रयास के बाद पिछले महीने मिली सफलता से उत्साहित अभिषेक की तैयारी भव्य रूप से जन्मदिन समारोह आयोजित करने की थी लेकिन कश्मीर की घटना के चलते उन्होंने सब कुछ स्थगित कर दिया। उन्होंने एक सादगीपूर्ण आयोजन में सचिन के नाम केक काटा बल्कि सचिन को समर्पित सेवा कार्य भी किया। अभिषेक का कहना है कि भारत रत्न सचिन से मिलना उनके लिए एक स्वप्न के पूरा होने जैसा था और अब आगे वह जो भी सेवा कार्य करेंगे वह सचिन को समर्पित रहेगा।

क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के लिए जुनून की हद तक प्रशंसा का भाव रखने वाले अभिषेक विगत 8 वर्ष से उनसे मिलने हर हफ्ते लगातार डाक से पत्र भेज रहे थे और सचिन को समर्पित एक खास म्यूजिकल एलबम भी तैयार किया था। पिछले महीने 15 मार्च को अभिषेक की मेहनत रंग लाई और रायपुर पहुंचे सचिन ने न सिर्फ अभिषेक से मुलाकात की बल्कि उनके बनाए एलबम को भी स्वीकार किया। आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी अभिषेक अग्रवाल इस मुलाकात से आज भी बेहद उत्साहित हैं। सचिन के जन्मदिन के मौके पर उन्होंने केक काटने के साथ गरीबों के बीच जाकर सेवा कार्य किया। अभिषेक कहते हैं सेवा कार्य सचिन को समर्पित था और यह उनकी निजी पहल थी। इसलिए इसे सार्वजनिक नहीं करना चाहते लेकिन ऐसे सेवा कार्य से उन्हें बेहद संतुष्टि मिली और आगे भी वह इसे जारी रखेंगे। अभिषेक के पिता अशोक अग्रवाल और माता अनिता अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने पिछले महीने जिस तरह अभिषेक से गर्मजोशी से मुलाकात की और एल्बम में दिलचस्पी दिखाई, जिससे पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है।



**कश्मीर जनसंहार के मृतकों को दी श्रद्धांजलि**

## मजबूत रनर्स ग्रुप के 170 सदस्य रहे उपस्थित

# सौ दिनों तक रोज 2 किमी दौड़ लगायेंगे 62 प्रतिभागी खेलकूद को बढ़ावा देने अधिकारियों ने किया उत्साहवर्धन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** जेके लक्ष्मी सीमेंट द्वारा संचालित मज़बूत रनर्स ग्रुप के 62 प्रतिभागी 100 दिनों तक रोज 2 किलोमीटर तक दौड़ लगाएंगे। जिसकी शुरुआत शनिवार से की गई। इस अवसर पर संयंत्र के प्रमुख अधिकारियों सहित कर्मचारी और उनके पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे। जेके लक्ष्मी सीमेंट के तत्वावधान में संचालित मज़बूत रनर्स ग्रुप के द्वारा 100 दिन की दौड़ की शुरुआत 26 अप्रैल को शहीद उद्यान में आयोजित उल्लासपूर्ण कार्यक्रम से की गई। पिछले पांच वर्षो से मज़बूत रनर्स ग्रुप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अब सदस्यों की संख्या 170 पहुंच चुकी है। इस चुनौतीपूर्ण स्पर्धा में प्रतिभागियों को 26 अप्रैल से 3 अगस्त तक रोज़ 2 किलोमीटर दौड़ना होगा। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव परिचालन प्रमुख राजपाल शेखावत ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।




### प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्वपूर्ण भूमिका है: मुकुल

इस दौरान संयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेलकूद एवं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सभी लोगों को नियमित रूप से अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद एवं व्यायाम में भाग लेना चाहिए। जेके लक्ष्मी सीमेंट लगातार अपने कर्मचारियों में एवं आसपास के क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूक करने का कार्यक्रम लगातार आयोजित करती है। जेके लक्ष्मी सीमेंट के मोहन प्रकाश ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि इस वर्ष इस दौड़ में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत 62 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। मज़बूत रनर्स ग्रुप निरंतर विस्तार करता जा रहा है और समाज को शारीरिक और मानसिक स्वस्थ के लिए जागरूक करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। मज़बूत रनर्स ग्रुप फिट इंडिया मिशन में अपना योगदान दे रहा है। इस कार्यक्रम में जेके लक्ष्मी सीमेंट के कर्मचारी परिवारजन आसपास के ग्रामीण बच्चों ने काफी संख्या में भाग लिया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव, राजपाल शेखावत, मनीष तिवारी, संयोजक मोहन प्रकाश सहित अधिक संख्या प्रतिभागी उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पहले दिन अर्णव, अनिका, प्रणव, अद्विक, देवांश व सावि बढ़त पर



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ व चेस शाला द्वारा ,रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चयन स्पर्धा में तीन चक्रों के बाद अंडर 9 बालक वर्ग में अर्णव गोयल व बालिका वर्ग में अनिका गुप्ता 3 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे है। अंडर 13 बालक वर्ग में देवांश ,प्रणव,अद्विक व बालिका वर्ग में सावी 3अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए है। स्पर्धा में कल बालक वर्ग में 3 व बालिका वर्ग में 2 राउंड खेला जाएगा। तत्पश्चात विजेता का फैसला होगा। स्पर्धा के उद्घाटन अवसर पर कोलंबिया स्कूल के डायरेक्टर हरजीत सिंह अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर आकांक्षा मिश्रा, रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर आकांक्षा गोयल, एम पॉवर के डायरेक्टर वीके गोविंद मुदलियार व सौरभ अग्रवाल उपस्थित रहें। स्पर्धा में 15 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाडियों सहित कुल 86 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है, जिनमें से विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल ऑर्बिटर अनूप झा है।हेमा नागेश्वर प्राची यादव व उत्कर्ष सहयोगी के रूप में है। स्पर्धा के संचालक फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है।यह जानकारी सचिव रायपुर जिला शतरंज संघ नवीन शुक्ला ने दिया।

### आल इंडिया यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल के लिए रविवि की महिला आज रवाना



**रायपुर।** आल इंडिया यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल (महिला) स्पर्धा का आयोजन 30 अप्रैल से 3 मई तक विक्रम सिम्हापूरी यूनिवर्सिटी नेल्लौर मे किया जा रहा है। जिसमे पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम हिस्सा लेने 28 अप्रैल को रवाना होगी। स्पर्धा में कुल 16 महिला खिलाड़ी जिनमे प्रतिमा सोना, हिमांशी उपाध्याय, प्रियंका गौतम, कुमकुम, लवली महानंद, सोनम तांडी, आशिता, आस्था मिश्रा, मनीषा गोड़, अंकिता मांडले, पूर्णिमा साहू, प्रतिमा जायसवाल, गरिमा मंडावी, रौशनी, बी. पवित्रा, ईशा वर्मा का चयन किया गया है। टीम प्रबंधक डॉ प्रेम शंकर कुमार एवं प्रशिक्षक दीक्षा वैष्णव हैं। डॉ सच्चिदानंद शुक्ला कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, प्रोफेसर रीता वेणुगोपाल डायरेक्टर ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन, प्रोफेसर राजीव चौधरी डी. एस. डब्लू. प्रोफेसर सी.डी.आगाशे विभागाध्यक्ष फिजिकल एजुकेशन एवं प्रशासन ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी है।

### राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल में छत्तीसगढ बॉयज़ और गर्ल्स टीम फाइनल में



**रायपुर।** 68वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसबॉल 17 वर्ष बालक-बालिका का आयोजन दिल्ली में 22 से 27 तक किया जा रहा है। छत्तीसग़ढ दल के कोच अख्तर खान बताया कि छत्तीसग़ढ बालिका टीम का क्वार्टर फाइनल मैच हरियाणा टीम से रहा। जिसमें बालिका टीम ने मैच को 09-01 से एकतरफा जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच मे महिमा पैकरा, हिंगेश्वरी, साक्षी ध्रुव, महिमा यादव, दीक्षा पांडे, खुशी पटेल ने अपनी टीम के लिए रन बनाया। टीम का सेमीफाइन मैच महाराष्ट्र से हुआ। जिसमें महिमा पैकरा ने शानदार पीचिंग करते हुए महाराष्ट्र के खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई।

बालक टीम का क्वार्टर फाइनल मैच हरियाणा से हुआ और बालक टीम ने भी मैच को अपने बेहतर खेल के प्रदर्शन से 01-00 के स्कोर से जीत हासिल की और सेमीफाइनल पहुंची। सेमीफाइनल में छत्तीसग़ढ बालक टीम का मुकाबला महाराष्ट्र टीम से हुआ। इस मैच मे टीम के योगेश, यश, सूरज के बेहतर प्रदर्शन से मैच को 03-02 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।

छत्तीसग़ढ प्रदेश की दोनों बालक बालिका टीम फाइनल में मेजबान दिल्ली के साथ होगा। प्रदेश के सहायक संचालक क्रीड़ा अनिल मिश्रा, जीडी गर्ग, अवध चंद्राकर, भारतीय बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष, प्रदेश दल की प्रमुख प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गीस, अमित मिश्रा, लखन देवांगन, संदीप गाहिरे, अंकुर रजक, योगेंद्र यादव, गीता यादव, प्राची शर्मा, तरन्नुम खान, अंजली खलखो एवं समस्त बेसबॉल संघ के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

### कैल्शियम की कमी को पहचान इसे दूर करें

# कैल्शियम सिर्फ हड्डियों की ही जरूरत नहीं पूरे शरीर में होती है इसकी अहम भूमिका

हमारा शरीर कोशिका और ब्लड में कैल्शियम की मात्रा को सटीक तरीके से बनाए रखता है। हमारा शरीर कैल्शियम को हड्डियों से निकालकर ब्लड में भेजता है, ताकि शरीर में कैल्शियम के स्तर ठीक बनाए रखा जा सके। अगर व्यक्ति कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा नहीं लेता, तो बहुत सारा कैल्शियम हड्डियों से ले लिया जाता है, जिससे वे कमज़ोर हो जाती हैं। हड्डियों के घनत्व में कमी को ऑस्टियोपोरोसिस कहते हैं जिसकी वजह से हड्डी फ्रेक्चर हो सकती है। हड्डियों में कमज़ोरी आए बिना रक्त में कैल्शियम का लेवल बना रहे, इसके लिए व्यक्ति को हर दिन 1,000 से 1,300 मिलीग्राम कैल्शियम लेने की ज़रूरत होती है। कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद के लिए विटामिन डी की भी आवश्यकता होती है। वयस्कों को एक दिन में 600 यूनिट विटामिन डी (या बड़े वयस्कों में 800 यूनिट) का सेवन करना चाहिए।

ब्लड में कैल्शियम का लेवल मुख्य तौर पर दो हार्मोन पैराथायरॉइड हार्मोन और कैल्सिटोनिन नियंत्रित करते हैं। पैराथायरॉइड हार्मोन, चार पैराथायरॉइड ग्रंथियां बनाती हैं, जो कि गर्दन में थायरॉइड ग्रंथियों के आसपास स्थित होती हैं। जब ब्लड में कैल्शियम का लेवल कम होता है, तब पैराथायरॉइड ग्रंथियां ज़्यादा पैराथायरॉइड हार्मोन पैदा करती हैं। जब ब्लड में कैल्शियम का लेवल बढ़ता है, तब पैराथायरॉइड ग्रंथियां कम पैराथायरॉइड हार्मोन पैदा करती हैं। पैराथायरॉइड हार्मोन हड्डियों को रक्त में कैल्शियम छोड़ने के लिए स्टिम्युलेट करता है, किडनी से यूरिन के ज़रिए निकलने वाले कैल्शियम की मात्रा को कम करता है और पाचन तंत्र से ज़्यादा मात्रा में कैल्शियम अवशोषित करने को उत्तेजित करता है।



### शरीर में कैल्शियम का स्तर कैसे बढ़ाएं?

कैल्शियम एक महत्वपूर्ण खनिज है जो मजबूत हड्डियों और दांतों के लिए आवश्यक है। यह मांसपेशियों के संकुचन, तंत्रिका संचरण और रक्त के थक्के बनने जैसी विभिन्न शारीरिक क्रियाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि हमारा शरीर कुछ कैल्शियम ही प्रोड्यूस करता है। इसका अधिकांश भाग हमारे आहार से आता है। आइए कैल्शियम के सेवन को बढ़ाने के प्रभावी तरीकों के बारे में जानें

### कैल्शियम की जरूरत क्यों?



कैल्शियम मुख्य रूप से हमारी हड्डियों और दांतों में संग्रहित होता है। जब कैल्शियम का लेवल गिरता है, तो शरीर यहां से कैल्शियम निकालकर क्षतिपूर्ति कर सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसे रोगों का खतरा बढ़ जाता है। कैल्शियम की कमी के चलते मांसपेशियों में ऐंठन, सुन्नता या झुनझुनी, कमजोर नाखून और रूखी त्वचा जैसे लक्षण देखने में आते हैं।

### कैल्शियम के आहार स्रोत

कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थों से भरपूर संतुलित आहार स्वस्थ कैल्शियम स्तर बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। डेयरी उत्पाद में दूध, दही और पनीर कैल्शियम के उत्कृष्ट स्रोत हैं। कैलोरी सेवन को कम करने के लिए कम वसा या वसा रहित किस्मों का चयन करें। पत्तेदार और हरी सब्जियों में केला, पालक और कोलार्ड साग कैल्शियम से भरपूर होते हैं, हालांकि ऑक्सालेट की उपस्थिति के कारण शरीर द्वारा इसका अवशोषण थोड़ा



कम हो सकता है। फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ में कई पौधे आधारित दूध विकल्प, संतरे का रस और अनाज कैल्शियम से युक्त होते हैं। हड्डियों वाली मछली में सार्डिन और हड्डियों वाली सैमन कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं। दालों में बीन्स, दाल और छोले कैल्शियम के लिए एक पौधे आधारित विकल्प प्रदान करते हैं। नट्स और बीज में बादाम, तिल के बीज और चिया बीज में कैल्शियम होता है।

कई कारक प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कैल्शियम को कितनी अच्छी तरह अवशोषित करता है: विटामिन डी: यह विटामिन कैल्शियम के अवशोषण में सहायता करता है।



## आप क्या खा रहे हैं के साथ जरूरी है कि कैसे खा रहे हैं, तरीकों पर दीजिए ध्यान

क्या आपको पता है कि हेल्दी चीजों से पूरा फायदा पाने के लिए आपको उन्हें सही तरीके से खाना चाहिए। अगर आप हेल्दी फूड्स को सही तरीके से नहीं खाएंगे, तो उनसे आपको पूरा फायदा नहीं मिल पाएगा। सेहतमंद रहने के लिए, हेल्दी खान-पान कितना जरूरी है, यह बात आज के समय में हम सभी समझ चुके हैं। हेल्दी खाना किस तरह हमारी सेहत को फायदा पहुंचाता है और अनहेल्दी खाना कैसे हमें बीमारियों का शिकार बना सकता है, इस बात को समझकर आजकल लोगों ने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करना शुरू कर दिया है। लेकिन, क्या आपको पता है कि हेल्दी खाने से भी आपको पूरा फायदा सिर्फ तभी मिल सकता है, जब आप इसे हेल्दी तरीके से खाएं। दाल, नट्स और भी कई ऐसी चीजें हैं, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं। लेकिन, इन्हें आपको एक्सपर्ट के बताए तरीके से खाना है। यहां हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अगर आप एक्सपर्ट के बताए तरीके से खाएंगी, तो सेहत को पूरा फायदा मिलेगा। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।

### हेल्दी चीजों को खाने के आसान हैक्स के बारे में जानें



बादाम, हेल्दी फैट्स, विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। इसमें हेल्दी फैटी एसिड्स पाए जाते हैं, जो गट हेल्थ के लिए बहुत अच्छे होते हैं।

बादाम, शरीर को ताकत देने, कमजोरी दूर करने और हार्ट हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पूरा फायदा पाने के लिए, आपको इसे भिगोकर खाना है। इससे फाइटिक एसिड कम होता है और शरीर में न्यूट्रिएंट्स के अब्जॉर्बशन में सुधार होता है। दाल, जिंक का अच्छा सोर्स होती है। यह गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होती हैं और प्रोटीन का अच्छा सोर्स हैं। अगर आप इन्हें बनाने से पहले कुछ घंटों के लिए भिगो दें, तो इससे इन्हें पचाना आसान हो जाता है।

फ्लैक्स सीड्स, फीमेल हार्मोन्स के लिए फायदेमंद होते हैं। इन्हें कच्चा खाने के बजाय, भूनकर इन्हें पीसकर खाएं। इससे इनमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड्स अच्छे से रिलीज होते हैं और डाइजेशन में भी सुधार होता है। ब्रोकली एक सुपरफूड है। यह लिवर हेल्थ को सुधारने और एस्ट्रोजन को डिटॉक्स करने में मदद करती है। इसे उबालकर खाने के बजाय इसे स्टीम करें ताकि इसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स बने रहें। चावल, हम सभी की डेली डाइट का हिस्सा है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह गट हेल्थ के लिए अच्छे होते हैं क्योंकि इनमें स्टार्च और फाइबर होता है। इन्हें दाल के साथ खाना बेहतर रहेगा। लहसुन को सीधा खाने के बजाय इसे कूटकर खाएं। इससे यह शरीर के लिए अधिक फायदेमंद हो जाता है।

## दूध नहीं मलाई से घर पर बनाएं फ्रेश और क्रीमी पनीर, जानें दस मिनट में तैयार करने का तरीका



यदि आप भी अबतक केवल फटे हुए दूध से ही पनीर बनाने का तरीका जानती हैं, तो आज हम आपको मलाई से फ्रेश और क्रीमी पनीर बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं। जिसे आप एक बार जरूर ट्राई करके देखें। आपको मार्केट से भी बेहतर टेस्ट मिलेगा।

मार्केट में नकली दूध, मावा और पनीर खूब बिकते हैं। यह बात तो हम सभी जानते हैं। ऐसे में सिंथेटिक दूध से बनने वाले यह डेयरी प्रोडक्ट हमारी सेहत के लिए भी हानिकारक होते हैं। जिसके चलते अधिकतर लोग मावा, पनीर को घर पर ही बनाकर तैयार कर लेते हैं। यह फ्रेश, असली और बाजार की तुलना में ज्यादा स्वादिष्ट होते हैं। वहीं इनको खाने से हमारे शरीर को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है।

### मलाई से पनीर कैसे बनाएं?

इसके लिए आपको एक हफ्ते तक फुल क्रीम दूध की मलाई को फ्रिज में स्टोर करना है। अब मलाई बाहर निकालकर उसमें थोड़ा पानी डालकर हैंड ग्राइंडर की मदद से फेंट लें। आप देखेंगे मलाई से मक्खन और दूध अलग हो गया होगा। इसके बाद आप मक्खन और दूध को अलग-अलग बर्तन में निकाल लें।

दूध वाले पतीले को गैस पर रखें और उसको गर्म होने दें। अब आपको उसमें व्हाइट विनेगर या नींबू का रस डालना है। जिससे दूध फट जाएगा। फिर आप एक पतला कपड़ा लेकर उसमे इस मिश्रण को छान लें और किसी भारी चीज से दबाकर रख दें।

इसके बाद इसे फ्रिज में सेट होने के लिए रखें। आपका मलाई से फ्रेश और क्रीमी पनीर बनकर तैयार है। वहीं बचे हुए मक्खन से आप अब घी भी निकाल सकती हैं। ऐसे में आपने दूध की मलाई से घी और पनीर दोनों बना लिए तो है ना बढ़यि तरीका। अगर अच्छा लगा हो तो आप भी इसे एक बार जरूर ट्राई करके देखें।

## सूर्य को चढ़ाए जाने वाले जल में चावल और रोली डालने का महत्व जानिए



अगर आप भी सूर्य को रोज सुबह जल चढाती है, तो आप उसमें रोली और चावल डालकर जल दें। ऐसा करने से होने वाले फायदों के बारे में मालूम होना चाहिए आपको।

**दोष दूर:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि आप सूर्य को जल देते हुए पानी में रोली-चावल मिलाते हैं, तो इससे आपके जीवन में सूर्य संबंधी दोषों का नाश होता है और आपके जीवन की सभी परेशानी दूर होने लगती हैं।

**सुख-समृद्धि का वास:** यदि आपके जीवन में बहुत परेशानियां चल रही हैं तो आप रोजाना सूर्य देवता को जल के लोटे में रोली-चावल डालकर फिर अर्पित करें। ऐसा करने से बहुत जल्द आपके घर में सुख-समृद्धि का वास होगा।

**तेजस्वी और बुद्दिमान:** जिन लोगों की राशि में सूर्य कमजोर है अगर वो सूर्य को रोली-चावल के साथ जल चढ़ाते हैं तो ऐसा करने से उनके अंदर कॉन्फिडेंस आता है। साथ ही, व्यक्ति तेजस्वी और बुद्दिमान भी बनता है।

**सकारात्मक ऊर्जा का वास:** यदि आपके मन और घर में नेगेटिविटी बनी रहती है, तो इसके लिए भी यह उपाय बेहतर होता है।




कार्नर न्यूज

### बच्चों की कुछ आदतें वक्त रहते सुधरवा लें, आपको भी मिलेगी राहत

# बच्चा मुंह में दबाए रखता है अंगूठा तो इसके पीछे की वजह को जानें, इस आदत को सुधारने अपनाएं कुछ जरूरी टिप्स

पांच साल की उम्र तक भी यदि आपका बच्चा मुंह में उंगली लेता है, तो यह आदत छुड़ाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा बताए गए कुछ खास उपाय आजमाए जा सकते हैं। सबसे पहले यह समझने की कोशिश करें कि आपका बच्चा कब और क्यों अपनी उंगली मुंह में लेता है। इसके बाद, आप उनकी आदतों को सुधारने में सफल हो सकते हैं।

बच्चों के लिए मुंह में बार-बार अंगुली लेना या चूसना बहुत ही स्वाभाविक बात है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इससे बच्चा खुद को सुरक्षित और शांत अनुभव करता है। हालांकि, यह आदत छोटे उम्र तक रहना ठिक है। यही अगर चार-पांच साल की उम्र तक बनी रहे, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। इससे बच्चों के दांतों का विकास अवरुद्ध होता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों की इस आदत को छुड़ाया जाए। इसके लिए आप कुछ खास टिप्स अपना सकते हैं। आइए गुरुग्राम के डैफोडिल्स बाय आर्टेमिस के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव छाबड़ा से जानते हैं कि आखिर कैसे कोई पेरेंट्स अपने बच्चे की इस आदत को सुधार सकता है। बच्चों की अंगुली चूसने की आदत कैसे छुड़ाएं, यह जानना जरूरी है.



### धैर्य रखना जरूरी

बच्चे की किसी भी आदत को बदलने या छुड़ाने के लिए आपका धैर्य रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर बात पर डांटना या सजा देना कोई विकल्प नहीं हो सकता है। डांटने से अक्सर बच्चे की आदत और ज्यादा बिगड़ने का खतरा रहता है। इसलिए बच्चे को धैर्य और शांति से समझाने का प्रयास करें।

### विकल्प प्रदान करें

हम जानते हैं कि बच्चे खुद को अच्छा अनुभव कराने के लिए अंगुली चूसते हैं। ऐसे में उन्हें गले लगाना और बहलाना अच्छा विकल्प हो सकता है, जिससे उनकी इस आदत को छुड़ाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा बाजार में कुछ ऐसे खिलौने या पेसिफायर भी आते हैं, जिन्हें बच्चे दांतों में दबा सकते हैं और चूस सकते हैं। ऐसे विकल्प उनकी आदत छुड़ाने में कारगर हो सकते हैं।



### बच्चों को व्यस्त रखना सीखें

अगर आप ध्यान दें, तो समझ सकते हैं कि बच्चे अक्सर खेलते या कुछ काम करते समय अंगुली नहीं चूसते हैं। इसलिए जहां तक हो सके, बच्चों को किसी काम में उलझाकर रखें। वक्त निकालकर उनके साथ खेलें और उन्हें कुछ पढ़ाने के बहाने भी व्यस्त रखें। इस उम्र के बच्चों को रंगों से खेलना अच्छा लगता है। इसलिए उन्हें कागज और कलरफुल स्केच पेन देकर व्यस्त रखा जा सकता है। उनके मनपसंद खिलौने भी उन्हें व्यस्त रखने का अच्छा तरीका हैं।

### प्रोत्साहन और पुरस्कार का रास्ता

बच्चों को डांटने के बजाय प्रोत्साहन और पुरस्कार का रास्ता अपनाएं। अगर बच्चा आपके कहने से अंगुली न चूसे, तो उसे कोई पुरस्कार दें। आप अंगुली न चूसने के बदले में उसकी पसंद की डिश बनाने या उसकी पसंद का खेल खेलने जैसे प्रोत्साहन भी दे सकते हैं। इन सकारात्मक तरीकों से बच्चों की आदत छुड़ाने में मदद मिलती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जस्टिन बीबर की हालत देख टेंशन में आए फैंस, वायरल वीडियो में क्यों बेसुध दिखे?



सिंगर जस्टिन बीबर अक्सर ही खबरों में बने रहते हैं। इस सिंगर से कई कंट्रोवर्सी पहले भी जुड़ चुकी हैं। हाल ही में सिंगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह बेसुध से नजर आए। जस्टिन की हरकतें देखकर उनके फैंस को टेंशन होने लगी है। वायरल वीडियो को देखने के बाद फैंस ने कहा है कि जस्टिन को मदद की जरूरत है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें जस्टिन एक म्यूजिक इवेंट कोचेला में डांस करते दिखे। सिंगर का डांस नॉर्मल नहीं लग रहा है, वह बेसुध से होकर डांस करते थे। साथ ही वीडियो में वह एक सिगरेट बनाकर पीते दिखे। इसके बाद वह बहुत अग्रेसिव होकर नाचते हैं। यह वीडियो देखकर जस्टिन के फैंस को चिंता हो रही है, उन्हें लग रहा है कि जस्टिन ड्रग्स के नशे में है।

जस्टिन बीबर के वायरल वीडियो पर कई फैंस ने रिएक्शन भी दिया है। एक यूजर लिखता है, 'लगता है कि जस्टिन कोचेला इवेंट में ठीक नहीं है, उसे कुछ हुआ है।' वहीं कुछ यूजर्स ने कहा है कि सिंगर के करीबी लोगों को उसकी मदद करनी चाहिए।

सिंगर जस्टिन बीबर ने पिछले साल मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी में परफॉर्म किया था। इस शादी में गाना गाने के लिए, परफॉर्म करने के लिए सिंगर ने 82 करोड़ रुपये लिए थे। अंबानी की शादी में दी गई जस्टिन की परफॉर्मेंस को भारतीय दर्शकों ने भी खूब सराहा।

### टॉलीवुड

## द पैराडाइज-पेद्दी होगी एक दिन के गैप में रिलीज, बॉक्स ऑफिस पर होगा असर



साउथ के दो सुपरस्टार नानी और राम चरण। दोनों की ही फैन फॉलोइंग अच्छी है, लेकिन क्या एक ही दिन के अंतर में दोनों की फिल्में 'द पैराडाइज' और 'पेद्दी' रिलीज होना इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर असर डालेगा। इसी बात को लेकर नानी ने अपनी राय शेयर की है।

कुछ समय पहले नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' और राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का टीजर रिलीज हुआ। दोनों फिल्मों के टीजर प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आए। यही वजह है कि दोनों के टीजर की सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हुई। खास बात यह है कि ये दोनों फिल्में एक दिन के अंतर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी बात को लेकर नानी ने दोनों फिल्म की रिलीज को लेकर अपनी राय शेयर की है।

'द पैराडाइज' 26 मार्च, 2026 और 'पेद्दी' 27 मार्च, 2026 को रिलीज हो रही है। हाल ही में नानी से उनकी फिल्म 'हिट 3' के प्रमोशन के दौरान 'पेद्दी' के साथ बॉक्स ऑफिस टकराव के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, ₹हम 26 मार्च की रिलीज पर काम कर रहे हैं। मैं निर्माता नहीं हूं, इसलिए रिलीज टालने का फैसला निर्माताओं का होगा। लेकिन अगर दोनों फिल्में तय तारीख पर रिलीज होती हैं, तो मैं चाहता हूं कि दोनों ब्लॉकबस्टर बनें।

नानी ने आगे कहा, 'मार्च, 2026 दो दमदार फिल्में लेकर आ रहा है। अगर दोनों फिल्में हिट होती हैं, तो वह पुरानी रौनक फिर लौट आएगी।' वैसे पहले 'द पैराडाइज' की रिलीज डेट सामने आई थी, इसके बाद राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' की रिलीज डेट सामने आई थी।

बहरहाल, नानी इन दिनों अपनी आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म 'हिट 3' को लेकर कमर कस रहे हैं। यह फिल्म 1 मई को रिलीज होगी। 'हिटः द थर्ड केस' में नानी एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन शैलेश कोलानू ने किया है। फिल्म में नानी के अलावा श्रीनिधि शेट्टी नजर आएंगी।

### छॉलीवुड

## "बलि" का फर्स्ट लुक जारी, सनातन आस्था और प्रेम कहानी का संगम



छत्तीसगढ़ी फ़िल्म "बलि" का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज़ हुआ। 'बलि' एक हॉरर थ्रिलर है। डायरेक्टर गंगा सागर पंडा ने बताया कि "बलि" सिर्फ़ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि यह एक ऐसा सफर है जो सनातन आस्था, परंपराओं और बलिदान की भावना को आधुनिक सिनेमा की भाषा में प्रस्तुत करता है। फ़िल्म की कहानी हॉरर थीम पर है। 'बलि' प्रेम और श्रद्धा के बीच का द्वंद्व है। इसे बेहद संवेदनशीलता के साथ गहराई से उकेरा गया है। निर्माता दीपक जायसवाल के अनुसार 'बलि' दर्शकों को न सिर्फ़ भावनात्मक रूप से जोड़ेगी, बल्कि उन्हें आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित करेगी। इस फ़िल्म में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को नए दृष्टिकोण से दर्शाने का प्रयास किया गया है।

'बलि' मई में शूट पर जा रही है। इसे 'वैदेही' और 'जवानी जिंदाबाद' के डायरेक्टर गंगासागर पंडा डायरेक्ट कर रहे हैं। 'बलि' के मुख्य कलाकार लक्षित झांझी, अनुराग शर्मा, क्रांति दीक्षित, अनुपम वर्मा, अंजली चौहान, संगीता निषाद, दिव्या नागदेवे एवं नीरज ऊके हैं।

### यूएसए की गर्मी

इस साल 2025 की गर्मियों में यूएसए के फैशन ट्रेंड में कुछ खास बदलाव नहीं आया है। इन दिनों स्कर्ट-ओवर-पैंट और वन-लेग्ड स्टाइल जैसे हाइब्रिड पीस धूम मचा रहे हैं। नए डिजाइन के साथ एथलीजर स्टेपल पसंद किए जा रहे हैं। इस मौसम में कामकाजी नौजवानों की ड्रेस कुछ हद तक कल्पनाशीलता से दूर और वास्तविकता के करीब है।
-



लाइफ स्टाइल

## नेल पेंट के हिसाब से चुनें रिंग डिजाइन हाथों की खूबसूरती में लगेंगे चार चांद

अगर आप भी नेल पॉलिश के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग पहनना चाहती है। लेकिन आप कंफ्यूज है, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको नेल पॉलिश के कलर के हिसाब से रिंग डिजाइन के बारे में बताएंगे। अधिकतर महिलाएं ऐसी है, जिन्हें रिंग पहनने का बहुत शौक होता है, लेकिन कई बार वे आउटफिट और नेल पेंट के हिसाब से उंगलियों में पहनने के लिए रिंग डिसाइड नहीं कर पाती है। ऐसे में अगर आप भी कंफ्यूज रहती है, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह से आप अपने नेल पेंट के शेड के हिसाब से फिंगर रिंग का चयन कर सकती हैं। आईए जानते हैं नेल पेंट के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग का चैन कैसे करें।



### खूबसूरत कॉकटेल डायमंड रिंग

अगर आपको भी फिंगर रिंग पहनने का बहुत शौक है और आप नेल पेंट भी लगाना चाहती हैं, तो ऐसे में आप अपने नेल पेंट के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग का चयन कर सकती हैं। इसके लिए अगर आप अपने नाखूनों पर हल्के रंग की नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती है, तो ऐसे में आप इस तरह की खूबसूरत कॉकटेल डायमंड रिंग चुन सकती हैं। यह आपको स्टाइलिश लुक देने के साथ-साथ आपकी उंगलियों को खूबसूरत बना देगी।

### क्लस्टर डायमंड बैंड रिंग

अगर आप अपनी उंगलियों में डार्क शेड का इस्तेमाल करती है तो आपके लिए यह क्लस्टर डायमंड बैंड रिंग भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है आप इस तरह की सिंपल रिंग का चयन कर सकती है यही नहीं आप गोल्ड प्लेटेड रिंग्स को भी डार्क कलर के नेल पेंट शर्ट के साथ शामिल कर सकती हैं ऐसी रिंग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी।

### क्लासिक राउंड डेली वियर रिंग

अगर आप अपनी उंगली की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए नाखूनों पर पेस्टल कलर की नेल पॉलिश लगती है तो ऐसे में आप इस तरह की क्लासिक राउंड डेली वियर रिंग शामिल कर सकती हैं।

## ऑफिस में न्यू लुक के लिए स्टाइल करें पेप्लम टॉप, नजरें टिक जाएंगी आप पर



ऑफिस में महिलाएं जींस वियर करना पसंद करती हैं और इसमें वो स्टाइलिश नजर आने के लिए टॉप स्टाइल करती हैं। लेकिन, अगर आप टॉप में कुछ न्यू डिजाइन में चाहती हैं तो, आप इस तरह का पेप्लम टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह पेप्लम टॉप न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे आप ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पेप्लम टॉप दिखा रहे हैं जो आप आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेंगे।



### प्रिंटेड पेप्लम टॉप

ऑफिस में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का प्रिंटेड टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप स्ट्रेप्स में है साथ ही, इसमें प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का टॉप आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी आपको ये टॉप 300 रुपये की कीमत में मिल सकता है। इस टॉप को आप जींस या व्हाइट पेंट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंटेड पेप्लम टॉप

न्यू और स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह के टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप फ्लोरल प्रिंट में है साथ ही, ये पफ स्लीव्स में है। इस तरह का टॉप को आप कई सारे कलर ऑप्शन के साथ खरीदकर ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप आप 200 रुपये की कीमत में ले सकती है और इस टॉप को आप जींस के वियर कर सकती हैं। फ्लोरल पैटर्न में आप इस तरह के हाफ स्लीव्स वाले पेप्लम टॉप को भी स्टाइल कर सकती हैं और यह टॉप आप कई सारे कलर और डिजाइन में खरीदकर ब्लैक जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

## गर्मी में चेहरे पर होने वाले रैशेज की समस्या हो सकती है कम, अगर इन टिप्स को करेंगी फॉलो

अगर आप गर्मियों में होने वाले रैशेज की समस्या की परेशान हैं तो, आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। ये टिप्स इन समस्यों को कम करने में मददगार है साथ ही, इन्हें फॉलो करने से स्किन का ग्लो भी बना रहेगा।



### फेस वॉश से करें चेहरे को साफ

रैशेज की समस्या कम हो इसके लिए चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें ताकि, चेहरे से पसीना, धूल और ऑयल अच्छी तरह से साफ हो जाए। वहीं चेहरे को साफ करने के लिए आप बेस्ट फेस वॉश का चुनाव करें। वहीं चेहरे को साफ करने के लिए आप जो भी फेस वॉश का चुनाव कर सकती हैं।

### इस तरह के मॉइश्चराइजर का करें इस्तेमाल

रैशेज की समस्या ज्यादा न हो इसके लिए आप हल्के मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। हल्के मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने से पोर्स बंद नहीं होंगे साथ ही, स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होगी। इसी के साथ हलके मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने के स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होगी।

### चेहरे पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल

रैशेज की समस्या ज्यादा न बढ़ें इसके लिए आप SPF-30 वाला सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सनस्क्रीन के इस्तेमाल करने से रैशेज की समस्या नहीं बढेगी साथ ही, चेहरे का ग्लो भी रहेगा। सनस्क्रीन को आप हर 4 घंटे के बाद अप्लाई करें। और इससे पहले मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

## चेहरे पर भिंडी के पानी का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट से जान लें इसके दोनों पहलू

गर्मियों के मौसम में अधिकतर महिलाएं तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से अपने चेहरे पर कई तरह की समस्याओं का सामना करती है। इन समस्या से बचने के लिए कुछ महिलाएं समय निकालकर अपने घर पर घरेलू उपाय करती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए घर पर रहकर भिंडी के पानी का इस्तेमाल करती है, तो यह खबर आपके लिए है।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि महिलाएं गर्मी के मौसम में अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए बाजार के महंगे प्रोडक्ट से लेकर घरेलू उपाय तक हर एक चीज आजमाती है। ऐसे में अगर आप भी गर्मी के मौसम में घर पर रहकर भिंडी के पानी को अपने चेहरे पर इस्तेमाल करती है, तो बता दे की भिंडी का पानी कुछ महिलाओं की स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं इन नुकसान के बारे में।



### चेहरे के लिए करें भिंडी का इस्तेमाल

एक्सपर्ट ने आगे कहा कि अधिकतर महिलाओं की स्किन का प्रकार अलग-अलग होता है। कुछ महिलाओं की स्किन ड्राई होती है, तो वहीं कुछ महिलाओं की स्किन ऑयली होती है। ऐसे में भिंडी के पानी का इस्तेमाल करने से उन्हें त्वचा में जलन, फुंसियां और इरिटेशन जैसी समस्याएं देखने को मिल सकती है।

### कार्नर न्यूज

### गर्मी में कुछ बेस्ट डील हो जाए तो क्या बात है

## गर्मी के लिए परफेक्ट होते हैं सस्ते और स्टाइलिश ड्रेस, घर पर या कहीं भी पहन कर जाइए आसानी से

महंगाई के दौर में सस्ता और अच्छा मिलना सौभाग्य की बात है। इस समय हर चीज की कीमत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में गर्मी में कुछ बेस्ट डील हो जाए तो क्या बात है। यहां पर कुछ सस्ते और अच्छे कपड़े की जानकारी देने आए हैं। ये सभी ड्रेस ब्रांडेड हैं जिनकी क्वालिटी को लेकर सोचना ही नहीं है। क्योंकि, सोशल मीडिया जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम पर कपड़ें सस्ते दाम पर बिकते हैं। मगर ऑर्डर करने के बाद आते कुछ और हैं। साथ ही कई बार पैसे देने के बाद ऑर्डर पहुंचता नहीं है। मगर आपको इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां जो दिख रहा है वहीं, आप तक पहुंचेगा। वैसे समर सीजन में किस तरह के ड्रेस खरीदने की सोच रहे हैं- अगर गर्मी में आरामदेह और स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं तो फिर इन्हें खरीदें। इनको आप घर पर पहनकर रह सकते हैं। इसके अलावा यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो भी ये परफेक्ट लुक देंगे। वैसे भी लॉकडाउन में कहां निकलना है तो फिर ऐसे ही हल्के और सस्ते ड्रेस क्यों न लें। अगर आप इस तरह के ब्रांडेड ड्रेस कम कीमत पर खरीदना चाहते हैं तो यहां देखें-





### टी-शर्ट

गर्मी में टी-शर्ट पहनना किसे पसंद नहीं है। ये बेहद आरामदेह जो होती है। इसलिए हम आपके लिए यहां पर नई टी-शर्ट की जानकारी दे रहे हैं। इसको आप अपने समर वार्डरोब में शामिल करें। क्योंकि पुरानी टी-शर्ट को कब तक पहनेंगे। अगर सस्ते दाम पर नई टी-शर्ट मिल रही है तो बदल लेने में ही भलाई है। आप यहां पर प्रिंटेड टी-शर्ट को काफी कम दाम पर खरीद सकते हैं। यहां पर कीमत देखिए, इस कीमत में क्या मिलता है, मगर आपको टी-शर्ट मिल रही है। इसलिए बेहिचक ले लें।

अगर आपको ये स्टाइल पसंद नहीं आ रही है तो नाराज न हो। क्योंकि यहां पर एक के अलावा भी विकल्प मौजूद हैं। इसकी कीमत भी काफी कम है। यकीनन आपको इस दाम में ब्रांडेड टी-शर्ट कहां मिलने वाली हैः-इन सबके अलावा कलरब्लॉक्ड टी-शर्ट भी गर्मी में खूब पहने जाते हैं। सच पूछो तो ये देखने में काफी अट्रैक्टिव होते हैं। आपको कम से कम एक टी-शर्ट अपने वार्डरोब में इस स्टाइल का रखना चाहिए।



### स्लीवलेस टी-शर्ट

प्रिंटेड स्लीवलेस टी-शर्ट गर्मी में सबसे अधिक पहनी जाती हैं। लड़कों को ये बेहद पसंद आती है। क्योंकि इससे ज्यादा आरादेह और स्टाइलिश कुछ नहीं। अगर आप अपने आर्मपिट के पसीने से परेशान हैं तो ऐसे में इस तरह के स्लीवलेस टी-शर्ट पहनें।

### हूडेड टी-शर्ट

हूडेड स्टाइल के कपड़े अधिकतर लोग सर्दी के मौसम में पहनना पसंद करते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि आप इसे गर्मी में नहीं पहन सकते। अब आपको समर सीजन के हिसाब से भी इस स्टाइल के टी-शर्ट मिलेंगे। यकीनन आप इनको पहनकर कूल दिख सकते हैं।